दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 13 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 25 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3



लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं





## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वास्थ्य बिगड़ा, एम्स में किया भर्ती

### एक हफ्ते में दो बार हुए बेहोश




**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के मुताबिक, वह पिछले सप्ताह दो बार बेहोश हो गए थे, जिसके बाद डॉक्टरों ने एहतियातन उन्हें अस्पताल में भर्ती कर एमआरआई समेत अन्य जांच कराने की सलाह दी।

10 जनवरी को धनखड़ को वॉशरूम जाते समय दो बार बेहोशी की हालत का सामना करना पड़ा था। सोमवार को वह नियमित जांच के लिए एम्स पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए तत्काल भर्ती करने का फैसला किया। यह पहली बार नहीं है जब धनखड़ को सार्वजनिक जीवन में ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ा हो। उपराष्ट्रपति रहते हुए भी वह कच्छ के रण, उत्तराखंड, केरल और दिल्ली में कई मौकों पर सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान अस्वस्थ होकर बेहोश हो चुके हैं। आपको बता दें कि जगदीप धनखड़ ने बीते साल 21 जुलाई को अपनी खराब सेहत का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति के पद से त्यागपत्र दे दिया था।

### राजनगर डिस्टिक सेंटर की अव्यवस्थाओं पर प्रभारी मंत्री सख्त

## महापौर, कमिश्नर, डीएम, नगर आयुक्त व जीडीए वीसी को भेजा लैटर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण ने हालिया दौरे के दौरान राजनगर डिस्टिक सेंटर आरडीसी में अव्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और जीडीए उपाध्यक्ष को पत्र जारी किया है। मंत्री ने निरीक्षण में सामने आई कमियों को दूर कर क्षेत्र को आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

### यातायात व पार्किंग हो सुचारू — मंत्री का जोर

करंट क्राइम : पत्र में उन्होंने आरडीसी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधार, पार्किंग सिस्टम सुव्यवस्थित करने और दुकानों के संचालन को मैनेजमेंट कॉन्ट्रैक्टर मॉडल पर लाने की बात कही। मंत्री ने कहा कि लखनऊ में इस तरह की व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू है और उससे व्यवसाय, यातायात और नागरिक सुविधा तीनों को संतुलित किया जा सकता है।

**अतिक्रमण पर कार्रवाई व नागरिक सहयोग का आग्रह**

**करंट क्राइम :** मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों से यह भी कहा कि क्षेत्र में शिकायतों पर जिलाधिकारी द्वारा कार्रवाई शुरू की जा चुकी है, लेकिन अतिक्रमण और अनुशासनहीन पार्किंग जैसी समस्याओं पर सख्त प्रबंधन की जरूरत है। व्यापारियों और नागरिकों से उन्होंने अतिक्रमण न करने और शहर प्रबंधन में सहयोग करने की अपील की, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से लागू की जा सके।





### राजस्व मॉडल और शहर की छवि पर भी फोकस

करंट क्राइम : पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि पार्किंग स्थल और अन्य व्यवस्थाओं को इस तरह विकसित किया जाए कि नगर आय विकास, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधा तीनों का संतुलन बना रहे। मंत्री ने आरडीसी को ऐसा मॉडल क्षेत्र बनाने की बात कही जिसकी मिसाल पूरे शहर में दी जा सके।

### लोनी में पुलिस कमिश्नरेट का गेट खट-खट अभियान शुरू

## अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को थाने में हाजिर होने का निर्देश, सुधरने की दी चेतावनी

### - पुलिस कमिश्नर का क्राइम कंट्रोल पर नया वार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस ने लोनी इलाके में अवैध कारोबार, नशा, सट्टा और जुआ जैसे धंधों पर नकेल कसने के लिए नया अभियान शुरू किया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर डीसीपी ग्रामीण और एसीपी लोनी की टीमों ने सोमवार को अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के घर खट-खट गेट किया और थाने में हाजिर होकर अपना व्यवहार सुधारने की चेतावनी दी। लोनी क्षेत्र लंबे समय से नशे व अवैध कारोबारियों की वजह से पुलिस की बदनामी का कारण बना हुआ है। इसे मजबूती से नियंत्रित करने के लिए अभियान के पहले दिन डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और ऐसे व्यक्तियों को अंतिम अवसर की तरह समझाइश दी गई।



### बीट पुलिस की जिम्मेदारी तय — लापरवाही पर कार्रवाई

करंट क्राइम : कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि अभियान में स्थानीय पुलिस व बीट पुलिस की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। यदि किसी क्षेत्र में नशा व अवैध कारोबार जारी पाया गया या पुलिस की लापरवाही सामने आई तो संबंधित पुलिसकर्मियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध धंधों पर जल्द होगी कड़ी कार्रवाई : सीपी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि हाल ही में क्राइम कंट्रोल को लेकर वर्ष 2026 का कार्य योजना तैयार की गई थी, जिसमें नशाखोरी खत्म करने और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण को प्राथमिकता दी गई है। इसी रणनीति के तहत देहात जोन से इस अभियान की शुरूआत की गई है। जल्द ही यह कार्रवाई सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में भी चलेगी।

## 20 हजार का चालान, 500 का इंतजाम और तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का काम हुआ तमाम

### एसीपी की जांच के बाद एडिशनल सीपी का बड़ा एक्शन – तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मी लाइन हाजिर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई फिर सवालों में आ गई है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर एक कथित सेटिंग केस सामने आने के बाद एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने बड़ा कदम उठाते हुए तीन ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। दरअसल आरोप है कि नोएडा निवासी वीरेंद्र से 20,000 का चालान काटे जाने के बाद मामले को 500 में सेट करने की बात कही गई। आरोप-प्रत्यारोप और शिकायतों के बाद मामला जांच तक पहुंचा और फिर कार्रवाई हुई।

इस मामले में जांच के बाद लाइन हाजिर हुए पुलिस कर्मियों में सब-इंस्पेक्टर विकास कुमार, हेड कांस्टेबल ललित और कांस्टेबल कुलदीप शामिल बताए गए हैं। शिकायतकर्ता ने तीनों पर दुर्व्यवहार और जबरन वसूली का गंभीर आरोप लगाया था।

### शिकायत पहुंची एडिशनल सीपी तक



करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़ित ने पूरी घटना की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई। पीड़ित लगातार एडिशनल सीपी को फोन कर पुलिसकर्मियों की करतूत बताता रहा। इसके बाद एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन ने जांच करवाई गई। रिश्वत की 'कैश डील' सिद्ध तो नहीं हुई, लेकिन दुर्व्यवहार और अनियमितता की शिकायत सही पाई गई, जिसके आधार पर तीनों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

### सेटिंग बिगड़ी, मामला बिगड़ गया

करंट क्राइम : पुलिस की ओर से बताया जा रहा है कि पूरा विवाद 'सेटिंग' से शुरू हुआ था, लेकिन मामला बिगड़ गया और शिकायत सीधे शीर्ष अधिकारियों तक पहुंची। जांच के बाद एक्शन लिया गया और अब विभागीय जांच भी शुरू हो गई है।

## चुनाव नजदीक और गाजियाबाद में तेजी से बढ़ रही सियासी हलचल

### सांसद चंद्रशेखर, राकेश टिकैत और 'आप' ने एक हफ्ते में दिखाया दम

### राजनीतिक संदेश साफ, 2027 का है इंतजार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव 2027 नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे गाजियाबाद में सियासी तापमान बढ़ने लगा है। दिल्ली से सटे इस शहर को राजनीतिक एंट्री प्वॉइंट और पश्चिम यूपी की राजनीति का संकेतक माना जाता है। इसलिए यहां बढ़ी गतिविधियों को चुनावी मौसम की शुरूआती दस्तक के तौर पर देखा जा रहा है। बीते चार दिनों के भीतर ही दलित राजनीति के बड़े फेस, किसानों की राजनीति को बड़ा आंदोलन बनाने वाले नेता से लेकर गाजियाबाद की जमीन से राजनीति में दम भरते हुए दिल्ली और पंजाब तक सरकार का झंडा बुलंद करने वाला दल भी एक्टिव मोड पर आ गया है।

### दलित मतदाताओं पर फोकस – सांसद चंद्रशेखर की एक्टिविटी ने बढ़ाई सुर्खियां



करंट क्राइम : मेरठ की दलित महिला हत्या मामले ने यूपी की दलित राजनीति को उबाल दिया। सांसद चंद्रशेखर की कौशांबी बॉर्डर पर पुलिस से हुई बहस और मेरठ पहुंचने की कोशिश को महज संवेदनशील मुद्दा नहीं माना जा रहा, बल्कि दलित वोट बैंक को साधने की शुरूआती कवायद के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिम यूपी का दलित वोट दोनों राजनीति और समीकरण को बदलने की क्षमता रखता है, ऐसे में चंद्रशेखर की सक्रियता का लखनऊ से लेकर दिल्ली तक संदेश गया है।

### किसान वोट–राकेश टिकैत का दोबारा एक्टिव होना सवाल



करंट क्राइम : वेव सिटी विवाद में किसानों के धरने और राकेश टिकैत की धमक भरी चेतावनी को भी राजनीतिक विश्लेषक गंभीरता से ले रहे हैं। किसान आंदोलन ने 2021-22 में दिल्ली और पश्चिम यूपी के चुनावी माहौल को हिला दिया था। इस बार भी किसान एक बड़े फैक्टर के रूप में उभर सकते हैं। किसान नेता राकेश टिकैत का फरवरी तक का अल्टीमेटम यह संकेत भी देता है कि मैदान में उतरने का समय वही चुना जा रहा है जब राजनीतिक चौराहा तैयार हो।

### गाजियाबाद–राजनीति का थमार्मीटर

करंट क्राइम : पश्चिम यूपी में गाजियाबाद को राजनीतिक थमार्मीटर माना जाता है। कई बड़े आंदोलन और यात्राएं यहीं से शुरू होकर लखनऊ तक पहुंचीं। इस बार भी एक सप्ताह में तीन राजनीतिक धड़ों का एक्टिव होना यह बताता है कि दलित, किसान और हिंदू वोट बैंक पर नजरें है। तो वहीं तीनों को साधने की कोशिश शुरू हो चुकी है और सभी की निगाहें पश्चिम यूपी के नतीजों पर हैं। यह शुरूआती संकेत भले हों, लेकिन सच यही है कि 2027 की राजनीति का ट्रेलर धीरे-धीरे गाजियाबाद से ही चलने लगा है।

### 'आप' की वापसी – हिंदू मुद्दे से एंट्री की कोशिश




करंट क्राइम : काफी समय की चुप्पी के बाद आम आदमी पार्टी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के मुद्दे पर गाजियाबाद में विरोध प्रदर्शन किया। भीड़ भले कम रही लेकिन चुनावी नजरिये से आप का एक्टिव होना महत्वपूर्ण है। आम आदमी पार्टी यूपी में वोट बैंक खोज रही है और हिंदू हित का मुद्दा लेकर प्रवेश करना 2027 के लिए अलग रणनीति का संकेत देता है। कांग्रेस की कमजोरी और बसपा की खामोशी की वजह से आप को राजनीतिक स्पेस मिल सकता है।

## जब अध्यक्ष के एंग्री रूप को देखकर कार्यकर्ता ने कहा धन्यवाद दरोगा से की बात और कहा ये गलती ना हो जाये आज के बाद



**बताते हैं कि कार्यकर्ता के मान सम्मान और न्याय की लड़ाई को अध्यक्ष ने लड़ा और इतने मजबूत तरीके से लड़ा कि कार्यकर्ता भी बोल पड़े वाह अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्टी का कार्यकर्ता किसी भी दल का हो लेकिन वो पार्टी का सबसे बड़ा बल माना जाता है। कार्यकर्ता को अगर सपोर्ट मिलती है तो फिर वो चौगुने उत्साह के साथ पार्टी के लिए समर्पित हो जाता है। कार्यकर्ताओं के लिए अगर उनका अध्यक्ष लड़ता है तो फिर वो अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के लिए भगवान हो जाता है। किस्सा एक टॉयलेट को लेकर है और यहां पर एक पक्ष की शिकायत कर जब दरोगा जी ने एक पक्षीय कार्यवाही की तो मामला अध्यक्ष जी के पास पहुंचा। बताते हैं कि इसके बाद अध्यक्ष ने सीधे दरोगा जी को फोन मिला दिया और उन्हें जो कुछ समझाना था वो नपेतुले शब्दों में समझा दिया। बताते हैं कि किस्सा नदिया पार के एक टॉयलेट विवाद को लेकर जुड़ा है। गार्डन वाले इलाके में एक टॉयलेट बना और उसके यूज को लेकर हंगामा चल रहा था। वहां पर एक व्यक्ति ने इस पर विवाद किया। भाजपा के एक नेता इसमें आग आये और उन्होंने कहा कि अगर कोई सार्वजनिक इस्तेमाल की वस्तु है तो इसमें विवाद की क्या बात है। बताते हैं कि भगवा भाटी जी अपने साथ कुछ लोगों को लेकर उस व्यक्ति के घर गये जो हंगामा कर रहा था। भाव यही था कि साथ बैठकर चाय पियंगे और पूरे मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाल लेंगे। लेकिन बताते हैं कि बाकी सब तो ठीक रहा लेकिन जब भाजपा कार्यकर्ता आ गये तो वहां पर उस व्यक्ति ने पुलिस में तहरीर दे दी। जिसमें छेड़छाड़ से लेकर गाली गलौच की धाराएं आ गई। आमतौर पर पुलिस तहरीर को मुकदमें में बदलने से पहले जांच कर लेती है। लेकिन यहां तो दरोगा जी तोमर जी के प्रेशर में ऐसा आ गये कि उन्होंने भगवा भाटी के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर लिया। अब जब सुनवाई नहीं हुई तो फिर इस मामले को लेकर कार्यकर्ता भगवा अध्यक्ष के पास पहुंच गये। उन्हें पूरी बात बताई और बता दिया कि हमारी बात नहीं सुनी गई और रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। देखने वाले बताते हैं कि इस बात को सुनकर महानगर अध्यक्ष को क्रोध आ गया। आमतौर पर कूल रहने वाले अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के शोषण की बात सुनी तो उन्होंने सीध दरोगा को फोन मिला दिया।

मौके पर खड़े कार्यकर्ताओं को ये अनुमान भी नहीं था कि अध्यक्ष जी अपने कार्यकर्ता के लिए इतना एंग्री रूप भी धारण कर सकते हैं। बताते हैं कि कार्यकर्ता के मान सम्मान और न्याय की लड़ाई को अध्यक्ष ने लड़ा और इतने मजबूत तरीके से लड़ा कि कार्यकर्ता भी बोल पड़े वाह अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद। बताने वाले बताते हैं कि कार्यकर्ता के सम्मान की लड़ाई में अध्यक्ष के तेवर देखने वाले थे।



# इसरो : रॉकेट प्रक्षेपण के बाद आई तकनीकी समस्या, भटका व्हीकल




**लगातार दूसरी बार रास्ते से भटका पीएसएलवी रॉकेट**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज 260 टन वजनी पीएसएलवी-सी62 रॉकेट से उपग्रह अन्वेषा समेत 14 अन्य सैटेलाइट की लॉन्चिंग की, लेकिन प्रक्षेपण के तीसरे चरण में तकनीकी खराबी आ गई। यह इस साल का पहला प्रक्षेपण था। आज श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण केंद्र से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह अन्वेषा व 14 अन्य उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया जाना था। हालांकि, प्रक्षेपण के बाद रॉकेट तय रास्ते से भटक गया और मिशन की विफलता का संकेत मिला।

प्रक्षेपण के करीब पांच घंटे बाद समाचार एजेंसी पीटीआई ने 03:11 बजे सूत्रों के हवाले से बताया कि उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित करने का मिशन पूरा नहीं हो सका और सभी 16 उपग्रह अंतरिक्ष में खो गए। सूत्रों ने यह भी बताया कि पीएसएलवी मिशन तीसरे चरण के दौरान लगातार दूसरी बार विफल हुआ है। इसरो ने अपने 'एक्स' हैंडल पर मिशन की विफलता की पुष्टि करते हुए कहा, 'पीएसएलवी-सी62 मिशन में यान के पीएस3 (तीसरे चरण) के अंत में एक असामान्य स्थिति उत्पन्न हो गई। विस्तृत विश्लेषण शुरू कर दिया गया है।

**मई 2025 में भी खराबी के कारण नाकामी :** इससे पहले मई 2025 में भी पीएसएलवी रॉकेट में परेशानी आई थी। पिछले प्रयास-पीएसएलवी-सी61-ईडर-09 के प्रक्षेपण के दौरान 'मोटर प्रेशर की समस्या' हुई थी। इसी कारण मिशन सफल नहीं हो पाया था। वैज्ञानिकों के मुताबिक मोटर केस के चैंबर प्रेशर में गिरावट आई थी।

इससे पहले शुरूआती बयान में इसरो चीफ ने कहा, वैज्ञानिकों की टीम जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि पीएसएलवी-सी62 मिशन में पीएस3 स्टेज के आखिर में एक गड़बड़ी हुई। इसकी विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले इसरो प्रमुख डॉ. वी नारायणन ने कहा, 'हमने पीएसएलवी सी62 ईओएस-एन1 मिशन के प्रक्षेपण का प्रयास किया। पीएसएलवी रॉकेट चार चरणों का होता है। तीसरे चरण की समाप्ति से ठीक पहले तक सबकुछ सामान्य रहा, इसके बाद कुछ परेशानी देखी गई। हम जल्द ही अपडेट साझा करेंगे।' दरअसल, इसरो के पीएसएलवी-सी62, जिसमें एक अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट और कई कमर्शियल पेलोड थे, उसमें उड़ान के तीसरे स्टेज के दौरान एक गड़बड़ी हुई। 44.4 मीटर लंबा चार स्टेज वाला रॉकेट सुबह 10.18 बजे तय समय पर लॉन्च हुआ था।

# कार डिप्लोमेसी: जर्मन चांसलर के साथ मोदी एक ही कार में दिखे, पुतिन के बाद दूसरे राष्ट्राध्यक्ष



**मर्ज ने पहले साबरमती में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया**

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर की खास तस्वीर सामने आई है। पीएम मोदी की इस तस्वीर को कार वाली डिप्लोमेसी माना जा रहा है। भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा इस तस्वीर से मोदी-मर्ज के व्यक्तिगत रिश्ते की गर्मजोशी की झलक भी मिली। पीएम मोदी ने इससे पहले मर्ज को भारतीय संस्कृति के अलग-अलग पहलुओं से रूबरू कराया। जर्मन चांसलर के पहले भारत दौरे पर उनकी अगवानी गुजरात में की गई। यहां मर्ज ने पहले साबरमती में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया और उन्हें मौजूदा दौर में वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक करार दिया।

**दोनों देशों के रिश्ते काफी प्रगाढ़ :** इसके बाद पीएम मोदी और जर्मन चांसलर दोनों देशों के औद्योगिक दिग्गजों से भी मिले। उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ हुई बैठक के दौरान मोदी और मर्ज ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि वर्तमान समय में जर्मनी की दो हजार कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं।

गौरतलब है कि 16 दिसंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जॉर्डन दौरे के दूसरे दिन क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय ने खुद कार चलाकर पीएम मोदी को अम्मान के जॉर्डन म्यूजियम तक पहुंचाया। इस पहल ने दोनों देशों के बीच गहरे और भरोसेमंद संबंधों को दर्शाया। केवल औपचारिक स्वागत या सुरक्षा का ही मामला नहीं, बल्कि यह इस बात का प्रतीक था कि भारत और जॉर्डन की दोस्ती व्यक्तिगत और गर्मजोशी भरे स्तर पर भी मजबूत है।

इसके बाद जॉर्डन से इथियोपिया रवाना हुए पीएम मोदी और इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद के बीच अनोखी मुलाकात देखने को मिली। दोनों नेताओं ने एक ही गाड़ी में बैठकर यात्रा की। अदीस अबाबा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री अबी अहमद ने खुद पीएम मोदी का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मोदी को अपनी गाड़ी में बैठाकर होटल तक छोड़ा। इस दौरान पीएम मोदी को रास्ते में साइंस म्यूजियम और फ्रेंडशिप पार्क भी दिखाए गए, जो उनकी मूल यात्रा कार्यक्रम में शामिल नहीं था।

पीएम मोदी के ओमान रवाना होने के समय भी इथियोपिया के प्रधानमंत्री ने खुद कार चलाकर उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ा।

इसके अलावा 4 दिसंबर 2025 को भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक ही कार में दिखाई दिए। पालम एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री आवास तक की हाई-सिक्योरिटी ड्राइव में दोनों नेता एक साथ सफर कर रहे थे।

दिलचस्प बात यह रही कि जिस कार में दोनों बैठे थे वह कोई भारी सुरक्षा वाली, अल्ट्रा-आर्मर्ड एसयूवी नहीं थी, बल्कि एक सामान्य सफेद टोयोटा फॉर्च्यूनर थी।

## चुनाव आयोग पर सीएम ममता के गंभीर आरोप, कहा-

# 20 वर्षों के वैधानिक सुधार की अनदेखी कर रहा ईसी




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, 'आयोग अपने ही 20 वर्षों के वैधानिक सुधारों की अनदेखी कर रहा है, जिससे मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।' बता दें कि मुख्यमंत्री ने इससे पहले भी एक अन्य पत्र में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समक्ष कई गंभीर मुद्दे उठाए थे।

**चुनाव आयुक्त को लिखा पांचवां पत्र :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को सोमवार को एक और पत्र लिखा है। यह उनका पांचवां पत्र है। इसमें उन्होंने वोटर लिस्ट के 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों पर चिंता जताई है।

**क्या बोलीं सीएम ममता बनर्जी? :** ममता बनर्जी का दावा है कि 2002 की वोटर लिस्ट को डिजिटल बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया गया, जिससे गंभीर गलतियां हुई हैं। उनका कहना है कि इन तकनीकी खामियों की वजह से असली वोटरों को गलत तरीके से 'विसंगति' वाली श्रेणी में डाल दिया गया है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

**चुनाव आयोग पर आरोप :** मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह अपनी ही पुरानी प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में जो सुधार हुए थे, उन्हें दरकिनार कर वोटरों को फिर से अपनी पहचान साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने इसे मनमाना और संविधान की भावना के खिलाफ बताया।

# डिप्टी सीएम की बड़ी कार्रवाई

## 17 लापरवाह चिकित्साधिकारी बर्खास्त



**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सरकारी अस्पतालों में लापरवाही बरतने वाले चिकित्साधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। 17 चिकित्साधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। ये डॉक्टर लंबे समय से ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित पाए गए थे।

मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले चार चिकित्साधिकारियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। वहीं, स्थानांतरण के बाद नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डॉ. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश जारी किए गए हैं।

बीकेटी ट्रामा सेंटर के चार चिकित्साधिकारियों से कार्य में लापरवाही के आरोप में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके अलावा, तीन चिकित्साधिकारियों को लापरवाही पर चेतावनी जारी की गई है।

उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना और कार्य में लापरवाही के मामलों में पांच चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने के साथ परनिंदा दंड दिया गया है। वहीं, क्रय नीति के विपरीत दवा खरीदने के दोषी पाए गए दो चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए गए हैं।

# विवेकानंद यूथ अवॉर्ड: सीएम योगी बोले-यूपी में न कर्फ्यू न दंगा...सब चंगा




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर युवाओं को समर्पित कार्यक्रम 'युवा प्रतिभा सम्मान और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' का आयोजन किया गया। यह आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित किया।

इस मौके पर युवा कल्याण एवं खेल मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि युवाओं का उत्साहवर्धन के लिए सीएम आए हैं। आज का दिन हमारे लिए प्रेरणा और संकल्प का दिन है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो, जागो, तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। यह हमें एकाग्रता, अनुशासन और प्रेरणा देता है। सरकार युवाओं के खेल, कौशल विकास और सशक्त बनाने का काम कर रही है। युवा स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें। संकल्प लेकर जाए, इसी पथ पर आगे बढ़ेंगे।

**देश, प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए जुट जाएं युवा :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विवेकानंद ने दुनिया को भारत की वास्तविक ताकत का एहसास कराया था। युवा, स्वामी जी से सीख लेकर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश, प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए जुट जाएं। स्वामी जी को पढ़े, समझें, आगे बढ़ें।

जब देश गुलामी की जंजीर में जकड़ा था, उस समय भी शिकागो के सम्मेलन में गए थे। उनके रहने, भोजन आदि की भी व्यवस्था नहीं थी। आमंत्रण भी नहीं था। किंतु उन्होंने मां भारती के तिरंगे को कभी झुकने नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने कहा था, हमारे यहां टेलर नहीं चरित्र महान बनाता है। युवा उनके जीवन चरित्र को पढ़े। मां बीमार और दवा के लिए पैसे नहीं था। युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। युवा, मार्कशीट के पीछे भाग रहे हैं। कम नंबर आने पर छलांग लगा दे रहे हैं। अपनी प्रतिभा को पहचानो। देश, प्रदेश में हर ओर विकास कार्य। आज युवा अवसर ढूंढने वाला नहीं है, बल्कि अपनी अलग पहचान बना रहा है। युवा शसक्त तभी देश, प्रदेश सशक्त होगा। इस मौके पर 21 करोड़ से बने 5 बहुउद्देश्यीय हाल का लोकार्पण किया गया। साथ ही तीन ग्रामीण स्टेडियम का शिलान्यास भी किया गया। इस मौके सीएम योगी ने कहा कि नशे का कारोबार क्रैश करने और पर्यावरण का संरक्षण के लिए युवा आगे आएं।

# कुत्तों का बढ़ता आतंक : बच्ची का चेहरा नोचा, लाश देख कांप उठा कलेजा



**चेहरा नोचा, बाईं बांह उखाड़ ले गए कुत्ते... जांघ से बाईं टांग भी अलग**

**संभल।** संभल के गांव पौटा निवासी बंटी की नौ वर्षीय बेटी रिया गौतम को रविवार शाम कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर मार डाला। घटना उस समय हुई जब वह खेत से घर लौट रही थी। कुत्तों ने बालिका को इस कदर नोचा कि बायां हाथ और पैर शरीर से अलग कर दिया।

बालिका की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रिया के तहेरे भाई तरुण कुमार ने बताया कि शाम करीब पांच बजे रिया की मां ममता और दादी मुन्नी खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गईं थीं। उनके साथ रिया भी चली गई। मां और दादी पशुओं के लिए चारा काटने में लगी थीं।

**कुत्तों ने रिया को बुरी तरह से जख्मी किया था :** इस दौरान रिया घर आने के लिए अकेली ही चल पड़ी। रास्ते में श्मशान घाट के निकट आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। उसे खींचकर गेहूं के खेत में ले गए। गांव वाले और परिजन जब तक दौड़कर पहुंचे, कुत्तों ने रिया को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था।



**रिया की मौके पर हो गई थी मौत :** रिया का बायां हाथ कंधे से अलग था, जो मौके पर ही नहीं मिला। बायां पैर भी जख्मी था। वह भी जांघ से लगभग अलग ही था। उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हजरतनगर गढ़ी पुलिस मौके पर आई और शव को कब्जे में लिया।

संभल के गांव पौटा में कुत्तों के हमले में जान गंवाने वाली नौ साल की रिया का शव जिसने भी देखा, कलेजा कांप उठा। कुत्तों ने मासूम का चेहरा बुरी तरह नोच डाला था। बाएं हाथ और पैर को इस कदर काटा कि दोनों शरीर से ही अलग हो गए। बायां हाथ तो अब तक मिला भी नहीं।

मौके पर मां ममता मासूम का जगह-जगह पड़ा खून देखकर बार-बार बदहवास हो रही थी। गांव के इंद्रपाल सिंह ने बताया कि तलाश के दौरान बाईं बांह तो नहीं मिली। रिया गौतम अपने माता-पिता की सबसे बड़ी संतान थी। जबकि दो भाई और एक बहन इससे छोटे हैं। घर में बड़ी होने के कारण सबकी लाडली थी। मां ममता ने जब शव देखा तो फूट-फूट रो पड़ी औक बेसुध हुई। होश में आने पर बोली कि कोई मेरी बिटिया की बांह तो ढूंढकर ला दो। गांव में लोग भी गमजदा हैं।

**दो साल में चार लोगों की गई जान :** संभल जिले में शहर से लेकर गांवों तक कुत्तों का आतंक बना हुआ है। लोगों का खेत जाना तक मुश्किल हो गया है।

### एसडीएम बोले- कुत्तों की समस्या को लेकर कार्रवाई की जाएगी

इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। संभल के एसडीएम रामानुज ने बताया कि कुत्तों के हमले में मासूम बालिका की मौत हुई है। परिजनों को इसका मुआवजा दिलाएंगे। वहीं, कुत्तों की समस्या को लेकर भी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभाग को लगाकर इसका समाधान कराया जाएगा। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं सामने न आएं।

# वाराणसी की दालमंडी में बुलडोजर एक्शन: भारी फोर्स की मौजूदगी में तोड़े जा रहे मकान, दुकानदारों का विरोध जारी




**वाराणसी।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण योजना के तहत ध्वस्तीकरण अभियान जारी है। सोमवार को बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई। सुबह बुलडोजर ने चौक थाने की तरफ से प्रवेश किया। यहां मलबा हटाने का काम शुरू हो चुका है। वहीं मजदूरों द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है।

दालमंडी में हथौड़े के बाद अब बुलडोजर से मकानों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके लिए सोमवार को बुलडोजर का प्रवेश दालमंडी में हो गया। इस दौरान गलियों में बैरिकेडिंग की गई। इसके बाद पुलिस, प्रशासन, पीडब्ल्यूडी की टीम की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू हुई। इस दौरान अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। एहतियातन भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।

**दुकानदार कर रहे विरोध :** दालमंडी में दुकानों के ध्वस्तीकरण को लेकर बुलडोजर पहुंचा तो दुकानदार विरोध करते हुए अपने मकानों के सामने खड़े हो गए। अदनान खान का कहना है कि प्रशासन द्वारा जो बात दो महीने पहले कही जा रही थी, वही आज भी कही जा रही है। दुकानदार का कहना है कि प्रशासन कह रहा कि मकान का नक्शा नहीं पास हुआ है, इतनी जमीन पर नक्शा नहीं पास होता है और ये मकान मानक के विरूद्ध नहीं बनाया गया है। ऐसे में हम कार्रवाई रोकेंगे। हालांकि अधिकारियों के समझाने पर दुकानदार मकान तोड़ने के लिए तैयार हुई। उसने कहा कि इस मकान को मैंने बनाया है और मैं ही अब इस मकान को तोड़ूंगा। विभागीय लोगों के साथ तीसरे तल पर पहुंचा और उसने खुद ही हथौड़ा चलाकर मकान तोड़ने की शुरूआत की।

**मुख्तार खान के भवन पर चला बुलडोजर :** दुकानदारों और मकान मालिकों के विरोध के बीच दोपहर बाद नई सड़क की तरफ से लंगड़ा हाफिज मस्जिद के सामने मुख्तार खान के भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू हुई।

# शीतलहर का कहर: शिमला से ठंडी दिल्ली, बर्फीली हवाओं से जीना मुहाल




**नई दिल्ली।** ठंड इस बार रोज नए रिकॉर्ड तोड़ रही है। रविवार को राजधानी का न्यूनतम पारा शिमला (3.5) से भी कम 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सोमवार को भी इस ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने भी शीतलहर के साथ ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिन में तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस जबकि रात का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के अनुमान है।

सुबह के समय घना कोहरा और बफीर्ली हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। ठंड के चलते सड़कों पर आवाजाही कम रही और खुले इलाकों में कंपकंपाती ठिठुरन महसूस की गई। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों के लिए ठंड चुनौती बनकर सामने आई। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिमी सर्द हवाओं के चलते तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी सुबह और रात के समय भीषण ठंड बने रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी ऐसे ही हालात बने रहने की बात कही है। राजधानी और आसपास के इलाकों में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 12 जनवरी से 17 जनवरी के बीच आसमान साफ रहने के आसार जताए हैं। हालांकि सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ा सकता है। 13 जनवरी को तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

राजधानी और आसपास के इलाकों में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

### 'दंगा आरोपियों की जमानत मांग से देश स्तब्ध : सीएम रेख गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जेएनयू में हुए विरोध प्रदर्शन पर चिंता जताते हुए कहा कि दंगा आरोपियों की जमानत मांग और कथित देश विरोधी नारों से पूरा देश स्तब्ध है। इसे उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

**- ::सार्वजनिक सूचना::-**

**गजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं०-A.42 लाजपत नगर मोहल्ला, पिन सं0-MN-10935 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन संपत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम उर्मिला कौशिक के स्थान पर अनीता भारद्वाज के द्वारा अपना नाम संशोधित किये जाने हेतु रजिस्ट्री की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम संशोधित किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस नोटिस चस्पा होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदिक अनीता भारद्वाज का नाम भवन सं०-A-42- मोहल्ला लाजपत नगर पर दर्ज कर दिया जाएगा।

कर अधीक्षक
मोहन नगर जोन

**- ::सार्वजनिक सूचना::-**

**गजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं०-E-121. मोहल्ला लाजपत नगर पिन सं0-MN-19480 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम मोहम्मद सईद कुरैशी के स्थान पर अनीता पत्नी दीपक कुमार के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/आवेदकगण के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं०-E,121 मोहल्ला लाजपत नगर गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार ₹नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213B" का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 3/6/25 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो यह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदक गण अनीता पत्नी दीपक कुमार का नाम भवन सं०-E-121 मोहल्ला . लाजपत नगर पर दर्ज कर दिया जायेगा।

कर अधीक्षक
मोहन नगर जोन

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
नई दिल्ली। मंगलवार 13 जनवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## दमयंती गोयल-आशा शर्मा-सुनीता दयाल के बाद की महिला भगवा सियासत

# राजनीति के वो महिला फेस जिन्होंने किया है संघर्ष और खुद की मेहनत के दम पर बनाया है अपना बेस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कोई कुछ भी कहे लेकिन यहां मुकाम के लिए हर चेहरा संघर्ष करता है। राजनीति में सियासत की रफ्तार बहुत तेज होती है। एक चुनाव खत्म होता है और देखते ही देखते दूसरा चुनाव आ जाता है।एक चुनाव किसी भी राजनीतिक व्यक्तित्व को लीडर के रूप में स्थापित करता है।उसको एक राजनीतिक पहचान देता है और पब्लिक फिगर बनाता है। चुनाव का हारना या जीतना महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि राजनीति में लड़ा किस अंदाज में गया है, ये काउंट होता है।कांग्रेस की डॉली शर्मा को पहला चुनाव लड़ने से पहले कौन जानता था। वो चुनाव हारीं और लगातार हारीं। लेकिन उसके बाद वो कांग्रेस का चुनावी चेहरा बनीं। चुनाव का प्रमोशन ये हुआ कि उन्हें संगठन में बड़ा पद मिला। लेकिन भाजपा में जिन चेहरों ने छोटे दायित्वों से लेकर बड़े दायित्व निभायें, उनके हिस्से में ही ये चुनाव आये। आशा शर्मा मंडल में पदाधिकारी रहीं हैं। राष्ट्रीय महिला टीम में पदाधिकारी रही हैं और वो ऐसी महिला नेता हैं जिन्होंने निगम पार्षद से लेकर मेयर का सफर तय किया है।सुनीता दयाल भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। पूरा जीवन भाजपा की राजनीति के नाम रहा है। विधानसभा का चुनाव लड़ीं और प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर आसीन हैं। फिलहाल वो गाजियाबाद की मेयर हैं।लेकिन सबसे बड़ी बात ये है कि चुनाव लड़ने के बाद तो कई लीडर बने हैं मगर पार्टी ने चुनाव के लिए कंसीडर कितने चेहरों को किया है। आज बात भाजपा की उन महिला नेताओं के बारे में होगी जिन्होंने वर्षों से भाजपा का झंडा उठाया है। लेकिन उनके हिस्से में चुनाव नहीं आया है। कोई बड़ी सरकारी कृपा नहीं आई है। पार्टी इन चेहरों के बारे में कब सोचेगी। क्योंकि महिलाओं के लिए कंप्टीशन हार्ड माना जाता है। महिलाओं के लिए अपने दम पर टिकट पाना ही टेढी खीर है। राजनीति में खुद को स्थापित करने की एक बड़ी चुनौती सामने रहती है। कई दशकों की सियासत के बाद जिन्हें फल मिला उनमें गाजियाबाद की प्रथम महिला मेयर दमयंती गोयल हैं। दुर्गा वाहिनी से लेकर संघ स्वयं सेविका का सफर है। पहली बार में ही चुनाव जींती और बेहद सफल कार्यकाल रहा। आशा शर्मा एक लंबा कैरियर और रिकार्ड वोटों से चुनाव। मेयर रहीं हैं और व्यवहार ऐसा कि आज भी लोग याद करते हैं। सुनीता दयाल मौजूदा मेयर हैं और राजनीति का लंबा ट्रैक रिकार्ड हैं। आज बात उन चेहरों की जो मैरिट के आधार पर हैं और राजनीति में लगातार एक्टिव हैं।

### पूनम कौशिक को मिलेगा क्या माननीय होने का मौका



करंट क्राइम। पूनम कौशिक भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं। वो महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष रहीं हैं। उनका नाम मेयर चुनाव की दावेदारी में प्रबलता से चला था। फिर कुछ परिस्थितियां ऐसी रहीं कि वो उतना एक्टिव नहीं रहीं लेकिन फिर से मैदान में हैं। पार्टी का शिक्षित और शालीन चेहरा हैं। क्या इतने लंबे ट्रैक रिकार्ड के बाद पूनम कौशिक को क्या किसी सदन में माननीय होने का मौका मिलेगा।

### हिंदुत्व की अलख जगाती उदिता त्यागी का सियासी भविष्य



करंट क्राइम। उदिता त्यागी भाजपा का पुराना चेहरा हैं। उनका पारिवारिक बैकग्राउंड भाजपाई है और उन पर सरकारी कृपा भी हुई है और रिपीट होकर हुई है। उन्हें दूसरी बार उसी पद पर मौका मिला है। वो पद पर भी रहीं हैं और महिला मोर्चा की महानगर संयोजिका रहीं हैं। फिलहाल वो हिंदुत्व की अलख जगा रही हैं। अब वो राजनीति से ज्यादा मंदिरों में नजर आ रही हैं। उनका भगवा राजनीति में क्या सियासी भविष्य है। ये देखने की बात है।

### महिला मोर्चा की अध्यक्ष के बाद वार्ड की दावेदारी पर सिमटी कौशल शर्मा



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति के पुराने चेहरों की बात करें तो उनमें कौशल शर्मा का नाम है। स्कूल संचालिका हैं और भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष रहीं हैं। पार्षद की दावेदारी में प्रबल नाम रहा था। अब उनका पता भी संजय नगर से बदलकर गोविन्दपुरम की तरफ का हो गया है। राजनीति कितनी बची है और शिद्दत कितनी है, ये देखने की बात है।

### मोनिका पंडिता को कहां मिलेगा एडजस्ट होने का मौका



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति के उच्च शिक्षित चेहरों में मोनिका पंडिता का नाम है। मूल रूप से कश्मीर की रहने वाली हैं और फिलहाल इन्दिरापुरम इलाके में रहती हैं। क्षेत्रीय टीम में पदाधिकारी रहीं हैं और मंडल के प्रभारी वाली जिम्मेदारी है। बताते हैं कि कश्मीर में नामित एमएलसी वाली दावेदारी में रहीं हैं। गाजियाबाद में भी पद से लेकर सदन तक की दावेदारी है। कितनी सफलता मिलती है ये तकदीर की बात है। बाकी सियासत में एक मजबूत नाम है।

### लाईन पार की भगवा सियासत का नाम रानी देवश्री ओढ



करंट क्राइम। ये वो नाम है जिसने भाजपा का झंडा तब उठाया जब पार्टी दूर दूर तक सत्ता में नहीं थी। ये भाजपा की महिला सियासत के संघर्ष के दिनों का चेहरा हैं। मजबूत टीम इनके पास है और रानी देवश्री ओढ का नाम महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष के लिए दावेदारी में रहा है। फिलहाल ये चेहरा अपनी बारी का इंतजार कर रहा है।

### रनिता सिंह को मिलेगा कब चुनाव लड़ने का मौका



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति का उच्च शिक्षित और ठाकुर फैक्टर का चेहरा हैं। पार्टी के हर आयाम में एक्टिव रहती हैं और बेहद व्यवहारकुशल हैं। मजबूत प्रोफाईल है लेकिन अभी तक ना सरकारी कृपा हुई है और ना ही चुनाव वाला मौका मिला है। पोलिटिक्ल एक्टिविटी से लेकर व्यवहार कुशल वाले पैमाने पर खरी उतरी हैं। नामित पार्षद से लेकर क्षेत्रीय टीम में दावेदारी बनती है और ये भाजपा का ठाकुर फैक्टर का चुनावी चेहरा भी हो सकता हैं।

### लाईफ टाईम भाजपाई शिजरा है नीरू शर्मा का



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति की बात हो तो नीरू शर्मा के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता। बेहद एक्टिव हैं और सदस्यता अभियान में अपने दम पर टॉप किया था। अधिकारों के लिए लड़ना जानती हैं। पार्टी का समर्पित चेहरा हैं लाईफ टाईम भाजपाई हैं और देखना यही है कि भाजपा अपने इस पुराने चेहरे को कब सम्मान देती है।

### सक्रियता-समर्पण और मेहनत का नाम प्रीति चंद्रा राय



करंट क्राइम। एक लंबे समय से भाजपा का झंडा उठा रहीं हैं। लगातार क्षेत्र में एक्टिव रहती हैं। व्यापार मंडल की राजनीति में भी भागीदारी है। एक समय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात पर भी जोर था। कार्यकर्ताओं के साथ पूरी तरह से तालमेल है। भाजपा का मजबूत नाम है और इस नाम को भी एक ब्रेक का इंतजार है।

### महानगर वाली पारी के बाद क्या होगी अनीता शर्मा की जिम्मेदारी



करंट क्राइम। अनीता शर्मा भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष रहीं हैं। बेहद सफल और सक्रिय कार्यकाल रहा है। आमतौर पर महिलाएं पदमुक्त होने के बाद राजनीति से खुद को पीछे करती हैं। अनीता शर्मा पूरी तरह एक्टिव हैं और देखना यही है कि महिला मोर्चा के अध्यक्ष के बाद क्या अगली जिम्मेदारी पार्टी देती है।

### पार्षद वाली दावेदारी का नाम है सुमन जाटव



करंट क्राइम। सुमन जाटव भाजपा की युवा कार्यकर्ता हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से आती हैं। निगम चुनाव में मजबूत दावेदारी रही थी। उसके बाद उपचुनाव में भी उनका नाम चला था। भाजपा की महिला राजनीति का ये युवा चेहरा एक्टिव है। देखना यही है कि पार्षदी वाला सपना कब पूरा होता है।

### आयाम से लेकर अभियान तक रेनू चंदेला का नाम



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति का मजबूत और सक्रिय नाम रेनू चंदेला का है। पार्टी के हर आयाम में पूरी ऊर्जा के साथ भागीदारी रहती है। लोकसभा चुनाव से लेकर मेयर चुनाव और विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ पार्टी उम्मीदवारों को चुनाव लड़वाया है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष वाले काल में प्रबल दावेदारी रही है। फिलहाल संगठन कृपा से लेकर सरकारी कृपा का इंतजार है।

### भक्ति सिंह पर कब होगी भगवा कृपा



करंट क्राइम। नदिया पार क्षेत्र की भाजपाई महिला राजनीति का चेहरा भक्ति सिंह हैं। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हैं। पद से लेकर टिकट की दावेदारी में नाम रहा है। खास बात ये है कि वो बरेली से पार्टी का टिकट मांग रहीं थी और राजनीति गाजियाबाद की करती हैं। पार्टी के हर आयाम में एक्टिव रहती हैं।

### प्रियंका प्रियदर्शनी को कब करेगी पार्टी नोट



करंट क्राइम। प्रियंका प्रियदर्शनी भाजपा की महिला राजनीति का एक प्रतिष्ठित नाम है। भाजपा के सोशल मीडिया सेल की जिम्मेदारी है। उच्च शिक्षित हैं और संगठन कार्यों में दक्ष हैं। पार्टी की कृपा का इंतजार ये चेहरा कर रहा है।

### पुरानी कार्यकर्ता रीता सिंह को कब मिलेगी जिम्मेदारी



करंट क्राइम। भाजपा के पुराने महिला चेहरों की बात करें तो उनमें रीता सिंह का नाम आता है। पार्टी की पुरानी कार्यकर्ता हैं और एक लंबा ट्रैक रिकार्ड है। सुल्तानपुर से टिकट की दावेदारी में ये नाम रहा है। नदिया पार में रहती हैं और उन्हें भी इंतजार है कि कब पार्टी कृपा करेगी।

### सभी हैं विशेष, सूचित करें यदि कोई नाम रहा हो शेष

करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति में यथा संभव उन सभी चेहरों को स्थान देने की कोशिश की गई है जो एक्टिव हैं। सभी चेहरों को स्थान मिला है जो कार्यकर्ता वाले फार्मेट में आते हैं। दैनिक करंट क्राइम अपने इस मंच के माध्यम से सभी को मौका देता है और निष्पक्ष रूप से सभी की बात रखता है। अगर कोई भी चेहरा शेष रहा हो तो वो हमें जरूर सूचित करें। दैनिक करंट क्राइम उनकी विचारधारा को उनकी भूमिका को और उनकी मेहनत को जरूर प्रकाशित करेगा।

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

### प्रदेश की राजनीति का नाम रहा है रूचि गर्ग



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति में अगर वैश्य चेहरों की बात करें तो इसमें रूचि गर्ग प्रमुख चेहरा रहीं हैं। रूचि गर्ग भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश टीम में मंत्री रहीं हैं। फिलहाल ये चेहरा सरकारी कृपा का इंतजार कर रहा है। पार्टी का एक्टिव चेहरा हैं।

### गोविन्दपुरम मंडल का एक्टिव चेहरा सविता त्यागी



करंट क्राइम। गोविन्दपुरम मंडल की राजनीति से लेकर महानगर की महिला राजनीति का एक्टिव चेहरा सविता त्यागी हैं। पार्षद की दावेदारी में प्रमुखता से नाम चला। गोविन्दपुरम महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष हैं। महानगर की टीम से लेकर टिकट वाली दावेदारी का प्रोफाईल है।

### पुरानी कार्यकर्ता हैं कविता करगेती



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति का एक नाम कविता करगेती भी है। भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं और एक लंबे समय से उन्हें मौका मिलने की प्रतीक्षा है।

### नदिया पार की भगवा सियासत का ऊर्जावान चेहरा विमला रावत



करंट क्राइम। नदियापार की भगवा सियासत की बात करें तो यहां उत्तरांचल और पूर्वांचल के चेहरे प्रमुखता से आते हैं। यहां एक चेहरा ऐसा है जिसे किसी भी फार्मेट मं इग्नोर नहीं किया जा सकता। ये चेहरा विमला रावत का है। विमला रावत महिला मोर्चा की अध्यक्ष रहीं हैं और वो समाजिक रूप से, राजनीतिक रूप से पूरी तरह एक्टिव हैं। इस चेहरे का एक मजबूत और समर्पित प्रोफाईल है।






### महिला राजनीति का सशक्त चेहरा प्रियंका पांडेय



करंट क्राइम। भाजपा की महिला सियासत में प्रियंका पांडेय का नाम भी मजबूत प्रोफाईल का नाम है। लगातार एक्टिव और मुद्दों को उठाने की जबरदस्त क्षमता है। ऊर्जावान तरीके से राजनीति करती हैं। टिकट दावेदारी में प्रबल नाम रहा है। फिलहाल अपनी बारी का इंतजार कर रही हैं।

### महिला मोर्चा की अध्यक्ष रह चुकीं इंदु जौहरी को कब मिलेगा मौका



करंट क्राइम। इंदु जौहरी भाजपा की महिला राजनीति का एक पुराना नाम है। एक लंबे समय से ये चेहरा अपनी बारी का इंतजार कर रहा है। वो भाजपा महिला मोर्चा के महानगर अध्यक्ष वाली पारी खेल चुकी हैं। पार्टी का अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता वाला ये चेहरा है। पार्टी कब मेहरबान होगी ये देखने की बात है।

### रवीना सिंह को भगवा सियासत में कब मिलेगा प्रमोशन



करंट क्राइम। ये चेहरा भाजपा की महिला राजनीति का कार्यकर्ता वाला चेहरा है। पार्टी की उच्च शिक्षित कार्यकर्ता हैं, मजबूत प्रोफाईल है और इस चेहरे को भी सरकारी कृपा से लेकर संगठन की मेहरबानी का इंतजार है। भाजपा के लिए काम किया है, आंदोलनों में शामिल रहीं हैं। अब यही इंतजार है कि संगठन आखिर कब इस नाम को प्रमोट करेगा।

### राजस्थान की किरन सिंह पर कब होगी कृपा



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति के चेहरों में किरन सिंह एक ऐसा नाम हैं जो कार्यकर्ता भाव के साथ काम करती हैं। पुरानी कार्यकर्ता हैं। राजस्थान की रहने वाली हैं और वहां के बूंदी जिले में दायित्व भी मिला था। फिलहाल ये चेहरा प्रमोशन का इंतजार कर रहा है।

### केवल महिला कोटा और बाकी सियासत में है टोटा

करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति पर फोकस करें तो यहां कोकस के नाम पर महिला कोटा है। सीट अगर महिलाओं के लिए आरक्षित हो गई तो मौका मिलेगा। उसमें भी कई बार नेताओं की पत्नियों के हिस्से में काफी कोटा आ जाता है। अगर कोटा नहीं है तो फिर चांस मिलने का टोटा हो जाता है। हालांकि यहां एक समय ऐसा रहा है जब प्रमुख सीटों पर महिला शक्ति काबित थी। खोड़ा नगर पालिका की चेयरमैन रीना भाटी थी तो लोनी की चेयरमेन रंजीता धामा थीं। मेयर आशा शर्मा थीं और जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी थीं। मोदीनगर की विधायक मंजू शिवाच थी और मेयर आशा शर्मा थी। मगर ये सीन वही है कि कोटा है तो ठीक, नहीं तो फिर टोटा है।

### मुरादनगर में उषा चौधरी की सक्रिय भूमिका



करंट क्राइम। उषा चौधरी की गिनती मुरादनगर की सक्रिय कार्यकताओं में होती है। वह लंबे समय से भाजपा से जुड़ी हैं और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती हैं। देहात क्षेत्र की राजनीति के चलते उनका काम अपेक्षाकृत कम चर्चा में रहा है। इसके बावजूद वह शिक्षित, आत्मविश्वास से भरपूर और जमीनी कार्यकर्ता मानी जाती हैं।स्थानीय स्तर पर उनकी सक्रियता संगठन में उनकी मजबूत पहचान बनाती है।

### मिला तो है मौका मगर चाहते हैं और बढ़े अभी कद

करंट क्राइम। भाजपा में कई ऐसे चेहरे हैं जो महिला राजनीति को सुशोभित करते हैं। इन चेहरों को पार्टी ने दायित्व तो दिया है लेकिन उनका लंबा ट्रैक रिकार्ड और पार्टी के प्रति समर्पण उन्हें और भी कुछ दिये जाने के पक्ष में है। इन चेहरों में डॉ कौमुदी चौधरी का चेहरा है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रही हैं। अन्य पदों पर रहीं हैं। इसके अलावा शीतल चौधरी को पार्षद का टिकट मिला और वो चुनाव जींती। मंजुला गुप्ता पार्षद भी रहीं है और फिलहाल मंडल प्रभारी हैं। इन नामों में मीना गांधी, दीपिका सिंह, रीतु त्यागी, ज्योति चौहान, कामिनी भदौरिया का भी नाम आता है। अर्चना सिंह पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। संगठन में दायित्व पर रहीं है। पार्टी के संघर्षकाल का चेहरा है और नामित पार्षद रहीं है। क्रासिंग से रिचा भदौरिया का नाम आता है। इस कड़ी में सिमरन रंधावा, आशा सिंह, रितु त्यागी के नाम आते हैं। एक चेहरा सपना बंसल का है जो चुनावी दावेदारी में जोर शोर से रही हैं। इन्हीं में नामित पार्षद रह चुकीं सुनीता नागपाल, पार्षद रह चुकी साक्षी नारंग, रूबी अग्रवाल, पूर्व पार्षद मीना भंडारी, पूर्व पार्षद गीता भाटी के नाम आते हैं। ये सभी वो नाम हैं जिन्होंने पार्टी के लिए मेहनत की है। इन नामों की फेहरिस्त में डीएलएफ की पार्षद रेखा गोस्वामी का नाम है। पार्टी की पुरानी कार्यकर्ता हैं और एक्टिव वाले फ्रेम की नेता हैं। जिन चेहरों की बात हो रही है। उनमें पूर्व पार्षद लवली कौर सहित कई नाम है।

## संपादकीय

# ईरान महंगाई बनाम अमेरिका

ईरान में महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन तेहरान बनाम वॉशिंगटन का रूप ले रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों और सरकारी नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था डूबने के कगार पर है, जिससे जनता में भारी असंतोष है। हालिया विरोध प्रदर्शनों में 45 से अधिक लोगों की मौत हुई है और इंटरनेट बंद है। ईरान में महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन धीरे-धीरे तेहरान बनाम वॉशिंगटन होता जा रहा है। इस्लामिक देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का संबोधन डोनाल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी है, जो जरूरत पड़ने पर ईरान में दखल देने की बात कह चुके हैं। पश्चिम के प्रतिबंध ईरान की समस्या बहुत हद तक पैदा की हुई है। 1979 की क्रांति में शाह के पतन और इस्लामिक गणराज्य की स्थापना के समय से ही ईरान को पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय भी परमाणु हथियारों के कार्यक्रम पर रोक नहीं लगाने के आरोप में अमेरिका और यूरोप ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लाद रखे हैं। कुछ इन पाबंदियों और कुछ सरकारी नीतियों की वजह से ईरान की इकॉनमी आज डूबने के कगार पर पहुंची हुई है। आर्थिक संकट सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ईरान में महंगाई दर 42% हो गई है। खाने-पीने के दाम बेतहाशा बढ़े हैं और जरूरी चीजों के दाम में 110% तक की बढ़ोत्तरी हुई है। ईरान के पास दुनिया के कुल तेल भंडार का 9-10% है, लेकिन अमेरिका ने उस पर यह कहते हुए कड़े प्रतिबंध लाद रखे हैं कि इन पैसों का इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में होता है। जनता में असंतोष दशकों की इन पाबंदियों की वजह से ईरान को कभी संभलने का मौका नहीं मिला। पश्चिम की दुश्मनी खामेनेई से है, पर भुगतना जनता को पड़ रहा है। ऊपर से कट्टरता, शासन व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं, मानवाधिकार का उल्लंघन जैसे आरोप भी हैं, जिनके विरोध में हर कुछ वक्त बाद ईरानी सड़कों पर उतरे नजर आते हैं। साल 2022 में भी ऐसे ही उग्र प्रदर्शन हुए थे, जब हिजाब न पहनने के आरोप में एक युवती को हिरासत में लिया गया था और उसकी मौत हो गई थी।

हालात बिगड़ेंगे ताजा विरोध-प्रदर्शन देश के अधिकतर हिस्सों तक फैल चुके हैं। खबरों के मुताबिक, 45 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इंटरनेट बंद है और आम ईरानियों की सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन संप्रभु देश के मामलों में अमेरिका को कूदने का अधिकार नहीं है। पिछले साल जून में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की थी, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं निकला। इससे पहले भी कई उदाहरण हैं, जहां अमेरिकी हस्तक्षेप से हालात और बिगड़े ही। ईरान का फैसला वहां की जनता ही करे तो अच्छा होगा।

# भारत-जर्मनी व्यापार साझेदारी नई ऊंचाई पर 50 अरब डॉलर के पार पहुंचा द्विपक्षीय कारोबार



**नई दिल्ली।** गुजरात में आयोजित भारत-जर्मनी औद्योगिक समागम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में 2,000 से अधिक जर्मन कंपनियां सक्रिय हैं, जो मजबूत आर्थिक साझेदारी को दर्शाती है। आइए विस्तार से जानते हैं। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने भी द्विपक्षीय संबंधों पर कही अहम बात कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित इंडिया-जर्मनी सीईओ फोरम में दोनों देशों की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की। बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जर्मनी द्विपक्षीय व्यापार अपने अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है और यह 50 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है।

### भारत में 2000 से अधिक जर्मन कंपनियां है सक्रिय

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत में 2,000 से अधिक जर्मन कंपनियां लंबे समय से सक्रिय हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था और यहां उपलब्ध अवसरों पर उनके अटूट भरोसे को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह विश्वास आज सुबह आयोजित इंडिया-जर्मनी सीईओ फोरम में स्पष्ट रूप से नजर आया।

पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग में निरंतर मजबूती का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत और जर्मनी की प्राथमिकताएं समान हैं। इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए भारत-जर्मनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जो ज्ञान, तकनीक और नवाचार के साझा मंच के रूप में काम करेगा।

### कई समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज की मौजूदगी में भारत और जर्मनी के बीच कई समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर भी हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले, चांसलर मर्ज की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के तहत दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के दौरान व्यापार, निवेश, तकनीक, शिक्षा, कौशल विकास और श्रमिक गतिशीलता सहित कई क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की गई। साथ ही रक्षा, सुरक्षा, विज्ञान, नवाचार, अनुसंधान और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में नए अवसरों पर भी चर्चा हुई।

### वित्त वर्ष 2025 में दोनों देशों के बीच व्यापार के आंकड़े

आंकड़ों के मुताबिक, 2024-25 में भारत और जर्मनी के बीच वस्तुओं और सेवाओं का कुल द्विपक्षीय व्यापार 51.23 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जर्मनी यूरोपीय संघ में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत के कुल ईयू व्यापार में उसका लगभग एक-चौथाई हिस्सा है। सेवाओं के क्षेत्र में भी भारत-जर्मनी व्यापार 2024-25 में 12.5 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 16.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया। निवेश के मोर्चे पर जर्मनी भारत में नौवां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक है। अप्रैल 2000 से जून 2025 तक भारत में जर्मन एफडीआई का संचयी प्रवाह 15.40 अरब डॉलर रहा है, जबकि 2024-25 में जर्मन निवेश 469 मिलियन डॉलर दर्ज किया गया।

# वेनेजुएला तेल निवेश पर ट्रंप का कड़ा रुख एक्सॉनमोबिल को बाहर रखने के संकेत



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे वेनेजुएला में तेल निवेश को लेकर एक्सॉनमोबिल को बाहर रखने के पक्ष में हो सकते हैं। यह टिप्पणी तब आई जब कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने वेनेजुएला की मौजूदा परिस्थितियों को निवेश के लिहाज से अयोग्य बताया।

### ट्रंप को एक्सॉनमोबिल का जवाब पसंद नहीं आया

व्हाइट हाउस में शुक्रवार को तेल और गैस कंपनियों के प्रमुखों के साथ हुई बैठक के बाद ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि मुझे एक्सॉन का जवाब पसंद नहीं आया। हमारे पास कई कंपनियां हैं जो निवेश करना चाहती हैं। ऐसे में मैं एक्सॉन को बाहर रखने की ओर झुक सकता हूं। वे जरूरत से ज्यादा चालाकी दिखा रहे हैं। यह बैठक पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादूरो के सत्ता से हटने के बाद वेनेजुएला के विशाल तेल भंडारों को लेकर भविष्य की रणनीति पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी।

### एक्सॉनमोबिल के सीईओ का तर्क व मांग

बैठक में एक्सॉनमोबिल के सीईओ डैरेन वुड्स ने कहा कि मौजूदा हालात में वेनेजुएला में निवेश संभव नहीं है। वुड्स के मुताबिक वर्तमान कानूनी और वाणिज्यिक ढांचा निवेश के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके लिए हाइड्रोकार्बन कानूनों में बदलाव, मजबूत निवेश सुरक्षा और कानूनी व्यवस्था में सुधार जरूरी है।

हालांकि, वुड्स ने यह भी कहा कि अगर ट्रंप प्रशासन और वेनेजुएला सरकार मिलकर जरूरी सुधार लागू करते हैं तो हालात बदले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी करीब 20 वर्षों से वेनेजुएला में सक्रिय नहीं रही है, लेकिन फिलहाल में एक तकनीकी टीम भेजकर उद्योग और परिसंपत्तियों की स्थिति का आकलन किया जा सकता है बशर्ते सरकार की अनुमति और सुरक्षा गारंटी मिले।

# पांच दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त के साथ बंद



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 301.93 अंक उछलकर 84,878.17 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 106.95 अंक की बढ़त के साथ 25,790.25 पर बंद हुआ।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में भारी गिरावट झेलने के बाद सोमवार को ऊर्जा, बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी के चलते इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूती देखने को मिली। हालांकि, व्यापारियों का कहना है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। कमजोर अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की गिरती कीमतों के कारण रुपया निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे बढ़कर 90.16 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 301.93 अंक या 0.36 प्रतिशत चढ़कर 84,878.17 पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार के दौरान, यह 715.17 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 82,861.07 पर आ गया था, जिससे 83,000 का स्तर टूट गया था।

### अमेरिकी राजदूत ने भारत-अमेरिका रिश्तों के लेकर सकारात्मक टिप्पणी की

तनावपूर्ण संबंधों को फिर से सुधारने के इरादे का संकेत देते हुए, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत में नए राजदूत ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के लिए भारत जितना आवश्यक कोई देश नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं। अपने आगमन भाषण में, सर्जियो गोर ने महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर 'पैक्स सिलिका' के नाम से जाने जाने वाले अमेरिकी नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन के लिए नई दिल्ली को निमंत्रण देने की भी घोषणा की।

# बजट 2026 से पहले जयराम रमेश ने गिनाईं अर्थव्यवस्था की तीन बड़ी चुनौतियां



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्रीय बजट 2026 से पहले देश की अर्थव्यवस्था को लेकर चुनौतियां गिनाई। उन्होंने इसके तीन प्रमुख कारण भी बताए। साथ ही उम्मीद जताई कि इस बजट में उनपर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। केंद्र सरकार का आम बजट 2026 अगले महीने फरवरी में पेश किया जाएगा। इससे पहले कांग्रेस ने उम्मीद जताई कि आने वाला केंद्रीय बजट में सुस्त प्राइवेट कॉर्पोरेट निवेश और आय में असमानताओं की चुनौतियों से निपटने के लिए सार्थक कदम उठाए जाएंगे। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि घरेलू बचत दरें काफी कम हो गई हैं, और धन, आय व उपभोग में असमानताएं लगातार बढ़ रही हैं।

जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह देखना बाकी है कि आने वाला केंद्रीय बजट सांख्यिकीय भ्रम के आराम से दायर से बाहर निकलकर वास्तविकताओं और चुनौतियों को स्वीकार करता है, और उनसे निपटने के लिए सार्थक कदम उठाता है या नहीं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि संसद के आने वाले सत्र का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 2026-27 का बजट अब से 20 दिन बाद पेश किया जाएगा। अपने एक्स पोस्ट में जयराम रमेश ने कहा, 'संसद के आगामी सत्र का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2026/27 का बजट अब से बीस दिन बाद पेश किया जाएगा। यह बजट निस्संदेह 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को प्रतिबिंबित करेगा, जिसने 17 नवंबर 2025 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### तीन सबसे प्रमुख चुनौतियां गिनाईं

उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा को बुलडोजर से खत्म करने वाले नए कानून में लागू किए गए 60 :40 लागत को साझा करने के फॉमूर्ले से पहले ही बेहद चिंतित राज्य सरकारें अब निश्चित रूप से और भी अधिक आशंका में उंगलियाँ क्रॉस किए बैठी होंगी। अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इनमें तीन सबसे प्रमुख हैं। पहला, टैक्स में कटौती और अच्छे मुनाफे के बावजूद निजी कॉरपोरेट निवेश की दरें अब भी स्पष्ट रूप से सुस्त बनी हुई हैं। दूसरा, घरेलू बचत दरों में काफी गिरावट आई है, जिससे निवेश की क्षमता सीमित हुई है। तीसरा, संपत्ति, आय और उपभोग से जुड़ी असमानताएं लगातार गहराती जा रही हैं।

# दिसंबर में बढ़कर 1.33% पर पहुंची, नवंबर के मुकाबले लगभग दोगुनी बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** देश के आर्थिक मोर्चे पर ताजा सरकारी आंकड़े जारी किए गए हैं, जो खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी का संकेत देते हैं। सरकार की ओर से जारी नवीनतम डेटा के अनुसार, दिसंबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 1.33 प्रतिशत हो गई है। यह आंकड़ा पिछले महीने यानी नवंबर के मुकाबले वृद्धि को दर्शाता है।

नवंबर के मुकाबले कितना बढ़ा महंगाई का दबाव?

जारी किए गए आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि नवंबर महीने में खुदरा महंगाई की दर 0.71 प्रतिशत थी। दिसंबर में यह बढ़कर 1.33 प्रतिशत होने का मतलब है कि मासिक आधार पर इसमें उल्लेखनीय उछाल आया है। हालांकि यह दर अभी भी नियंत्रित दायरे में दिखाई देती है, लेकिन एक ही महीने के भीतर प्रतिशत के लिहाज से आया यह बदलाव कीमतों में आई तेजी या बेस इफेक्ट में बदलाव की ओर इशारा करता है। सरकार की ओर से जारी महंगाई के आंकड़े नीति निमार्ताओं और बाजार विश्लेषकों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि मुद्रास्फीति की दर सीधे तौर पर आम आदमी की क्रय शक्ति और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति को प्रभावित करती है। 0.71 प्रतिशत के निचले स्तर से 1.33 प्रतिशत तक की यह वृद्धि आने वाले समय में मूल्य सूचकांक की दिशा को समझने के लिए एक अहम संकेतक साबित हो सकती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- वे किसान जिन्होंने किसी नाम से अपनी गायों को बुलाया है, उन लोगों ने ऐसा ना करने वालों की तुलना में 258 लीटर अधिक दूध उपज दर्ज किया है।
- क्या आप जानते हैं? अधिकांश गायों ने संगीत को सुनने के दौरान अधिक दूध दिया है।
- पूर्वी एशिया में, मंगोलिया में दूध का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था, लेकिन चीन में दूध की खपत अलग-अलग शैली में परिवर्तित होती रहती थी। दक्षिण कोरिया से आयातित गायों से जापानी डेयरी उत्पादों का उपभोग किया गया था!
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की दूध की बाल्टी में एक मेंढक डालने से दूध को खारा होने से बचाने का एक प्राचीन रूसी तरीका था। इस पद्धति का अध्ययन करके, वैज्ञानिकों ने नए एंटीबायोटिक पदार्थों के धन की पहचान की है।
- क्या आप जानते हैं? याक का दूध गुलाबी होता है!
- दूध ही एकमात्र पूर्ण खाना है जिससे आप पूरी तरह से जीवित रह सकते हैं, जिससे आपके शरीर के हर पोषक तत्व को जीवित रहने की आवश्यकता होती है!

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

शिक्षक - चल बता..5 और 5 कितने होते हैं?
सोनू - 12 होते हैं।
शिक्षक - 10 होते हैं... नालायक
शिक्षक - हम दिलदार घर से हैं....2 मैंने अपने खुद के भी डाले हैं।

---

कहते हैं ऊपर वाले ने हर किसी के लिए किसी ना किसी को बनाया है
कहीं मेरी वाली ने आत्महत्या तो नहीं कर ली पगली मिल ही नहीं रही है।

---

एक दोस्त- दूसरे दोस्त से - कैसे हो? शराब पीना बंद किया या नहीं?
पहला दोस्त - हां, यार बिलकुल छोड़ दिया है। बस कोई ज्यादा रिक्वेस्ट करता है तो पी लेता हूं।
दूसरा दोस्त - बहुत बढ़िया... और यह तुम्हारे साथ कौन भाई साहब हैं?
पहला दोस्त - अरे यार, इनको रिक्वेस्ट करने के लिए रखा हुआ है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# टीम इंडिया को मिला एक और नया ऑलराउंडर

## हर्षित राणा को मिली नई भूमिका ?



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में पिछले कुछ समय से ऐसे खिलाड़ियों की तलाश जारी रही है जो तेज गेंदबाजी के साथ निचले क्रम में उपयोगी रन भी दे सकें। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने इसी दिशा में उम्मीद जगाई। गेंद और बल्ले दोनों से योगदान देने के बाद उन्होंने यह खुलासा किया कि टीम मैनेजमेंट उन्हें एक विशेषज्ञ वनडे ऑलराउंडर ऑप्शन के रूप में तैयार कर रहा है।

### टीम की प्लानिंग : नंबर सात-आठ की भूमिका

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राणा ने साफ किया कि टीम की भूमिका उन्हें पूरी स्पष्टता से समझाई गई है। उन्होंने अपने बयान में कहा, 'टीम मैनेजमेंट मुझे एक ऑलराउंडर के तौर पर ग्रूम करना चाहता है, और मेरा काम उसी पर मेहनत करना है। मैं इस पर काम कर रहा हूं, नेट्स में भी। बल्लेबाजी में नंबर आठ पर खेलना होगा और टीम चाहती है कि वहां रन निकले।' उन्होंने आगे जोड़ा, 'जब मैं बैटिंग के लिए गया, तो साथियों ने जो आत्मविश्वास दिया, वही काम आया। मैं बस उसी पर फोकस गया और रन बना पाया।'

### बड़ोदा थ्रिलर में राणा का कमाल

न्यूजीलैंड के खिलाफ चेज के दौरान विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की साझेदारी के बाद अचानक विकेट गिरे और तनाव बढ़ा। इसी बीच वॉशिंगटन सुंदर की हल्की चोट के कारण राणा को नंबर सात पर भेजा गया।

परिणाम शानदार रहा। उन्होंने गेंद से भी कमाल दिखाया था और कीवियों को दो शुरूआती झटके दिए थे। हर्षित ने डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स को आउट किया था। इसके बाद बल्ले से कमाल दिखाते हुए हर्षित ने 23 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन की पारी खेली थी। इसने केएल राहुल पर दबाव कम किया और भारत ने मुकाबला जीत लिया।

### गंभीर का भरोसा और पहले के संकेत

यह पहली बार नहीं था जब राणा की बल्लेबाजी को भरोसा मिला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टी20 में भारत 49/5 पर था, तब उन्हें नंबर सात पर भेजा गया और उन्होंने 35(33) रन बनाकर मैच संभाला। इससे साफ है कि कोच गौतम गंभीर पहले ही उनकी बल्लेबाजी क्षमता पहचान चुके हैं। राणा ने इस भरोसे को लेकर कहा, 'मुझे लगता है कि मैं नंबर सात पर टीम के लिए 30-40 रन बना सकता हूं, और टीम भी यही विश्वास रखती है। जब ऐसा वातावरण बनता है तो चीजें मैदान पर होने लगती हैं।'

# बिग बैश में पाकिस्तान की किरकिरी!

## धीमी बैटिंग कर रहे रिजवान को मेलबर्न ने किया रिटायर्ड आउट



**पाकिस्तान।** पाकिस्तान को सोमवार को उस वक्त किरकिरी का सामना करना पड़ा, जब ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग में पूर्व कप्तान मोहम्मद रिजवान को उनकी ही टीम ने रिटायर्ड आउट होने को कह दिया। यह घटना बिग बैश लीग के सिडनी थंडर और मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच मुकाबले में घटी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेलबर्न टीम के लिए रिजवान जब मैदान पर उतरे तो उन्हें धीमी बल्लेबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेलबर्न टीम ने एक वक्त 9.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए थे। तभी रिजवान बल्लेबाजी के लिए उतरे। हालांकि, उनके उतरने के बाद सात रन बनाने में मेलबर्न ने दो और विकेट गंवा दिए। इसके बाद रिजवान ने हसन खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 गेंद में 64 रन की साझेदारी निभाई।

18 ओवर के बाद मेलबर्न का स्कोर चार विकेट पर 154 रन था। रिजवान तब 23 गेंद में 26 रन और हसन खान 23 गेंद में 36 रन बनाकर खेल रहे थे।

18वें और 19वें ओवर के बीच ब्रेक में मेलबर्न के कप्तान विल सदरलैंड ने रिजवान को पवेलियन लौटने का इशारा किया। इसके बाद रिजवान को रिटायर्ड आउट होकर वापस लौटना पड़ा। हालांकि, सदरलैंड भी नहीं चले और एक रन बनाकर रन आउट हो गए। हसन खान ने 31 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 46 रन की पारी खेली। वहीं, टिम सीफर्ट ने 25 गेंद में 29 रन और जोश ब्राउन ने 25 गेंद में 35 रन बनाए। इसकी बदौलत मेलबर्न रेनेगेड्स ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 170 रन का स्कोर खड़ा किया।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड एफए कप से बाहर; बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को हराकर स्पैनिश सुपर कप जीता



**बार्सिलोना।** मुख्य कोच रुबेन अमोरिम को बर्खास्त करने बाद भी मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रदर्शन में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ और उसकी टीम ब्राइटन से 2-1 से हारकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम और 13 बार की एफए कप विजेता मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण पिछले सप्ताह ही अपने मुख्य कोच रुबेन को पद से हटा दिया था।

ब्राजन ग्रुडा ने 12वें मिनट में ब्राइटन को बढ़त दिलाई। इसके बाद यूनाइटेड के पूर्व स्ट्राइकर डैनी वेलबेक ने 64वें मिनट में ब्राइटन की तरफ से दूसरा गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। यूनाइटेड की तरफ से बेंजामिन सेस्को ने अंतिम समय में गोल किया जिससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इस बीच आर्सेनल ने गैब्रियल मार्टिनेली की हैट्रिक की मदद से पोर्ट्समाउथ के खिलाफ 4-1 की जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। लीड्स ने डर्बी को 3-1 से हराया जबकि तीसरी श्रेणी की टीम मैन्सफील्ड ने प्रीमियर लीग की प्रमुख टीम शेफील्ड यूनाइटेड को 4-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। एकअन्य मैच में नॉर्विच ने वॉल्सॉल को 5-1 से हराया। राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पैनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गई।

फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियाल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया। पिछले साल के फाइनल में भी बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को 5-2 से हराया था, जिसमें राफिन्हा ने दो गोल किए थे।

बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। घुटने की चोट के कारण मिनी-सुपर कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए काइलियन एमबाप्पे 76वें मिनट में मैदान पर उतरे, लेकिन रियाल मैड्रिड को बराबरी दिलाने में नाकाम रहे।

बार्सिलोना ने 36वें मिनट में राफिन्हा के शानदार गोल से बढ़त बनाई। उसके लिए रॉबर्ट लेवांडोस्की ने भी गोल किया। रियाल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर और गोंजालो गार्सिया ने गोल किए।

# डब्लपीएल में हैट्रिक लेने वाली दुनिया की चौथी गेंदबाज



**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। वह इस टी20 लीग में हैट्रिक लेने वाली चौथी गेंदबाज बन गईं। नंदिनी से पहले पिछले तीनों महिला प्रीमियर लीग सीजन में भी एक-एक हैट्रिक लगी थी। नंदिनी की हैट्रिक इस सीजन की पहली हैट्रिक रही। उनकी घातक गेंदबाजी के बावजूद दिल्ली की टीम जीत हासिल नहीं कर पाई। आइए जानते हैं कि महिला प्रीमियर लीग में कब-कब गेंदबाजों ने हैट्रिक ली। इन हैट्रिक ने न सिर्फ दर्शकों को रोमांचित किया बल्कि अपनी-अपनी टीमों को मजबूत स्थिति में भी पहुंचाया।

मुंबई इंडियंस की तेज गेंदबाज इस्सी वोंग ने 2023 में महिला प्रीमियर लीग इतिहास की पहली हैट्रिक लेकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में यह उपलब्धि हासिल की। उनके शिकार बनीं किरण नवगीर, सिमरन शेख और सोफी एक्लेस्टोन। वोंग की हैट्रिक ने प्लेऑफ मुकाबले की दिशा बदली और मुंबई को महत्वपूर्ण जीत की ओर मोड़ा।

2024 में दीप्ति शर्मा ने दिल्ली में यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच में हैट्रिक हासिल की। उन्होंने मेग लेनिंग, अनाबेल सदरलैंड और अरुंधति रेड्डी को आउट किया। दीप्ति की यह हैट्रिक उनकी रणनीतिक गेंदबाजी, लाइन-लेंथ और क्लासी वैरिएशन का परफेक्ट उदाहरण थी।

ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस हैरिस, जिन्हें बैटिंग में स्टार माना जाता है, उन्होंने 2025 में गेंद से भी कमाल किया। यूपी वॉरियर्स से खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में बंगलूरू में खेलते हुए उन्होंने निक्की प्रसाद, अरुंधति रेड्डी और मिन्नु मणि को पवेलियन भेजा। यह हैट्रिक इस बात का प्रमाण है कि टी20 में ऑलराउंड स्किल कितना बड़ा हथियार है।

सबसे ताजा हैट्रिक नंदनी शर्मा के नाम है जो 2026 में डीवाई पाटिल स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स टीम के लिए खेलते हुए आया। गुजरात जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने कनिका आहूजा, राजेश्वरी गायकवाड़ और रेणुका सिंह को लगातार आउट किया। नंदिनी ने चार ओवर में 33 रन देकर पांच विकेट झटके। हालांकि, दिल्ली की टीम को फिर भी हार मिली।

इस मुकाबले में गुजरात ने 209/10 बनाए थे, जिसमें सोफी डिवाइन की 95(42) ने बड़ा योगदान दिया। इसके अलावा कप्तान एश्ले गार्डनर ने 26 गेंद में 49 रन की तूफानी पारी खेली। दिल्ली जवाब में 205/5 तक पहुंची, लेकिन आखिरी ओवर में सात रन की जरूरत पूरी नहीं कर पाई। दिल्ली के लिए लिजेल ली ने 54 गेंद में 86 रन की पारी खेली। वहीं, एल वोल्वार्ट ने 38 गेंद में 77 रन बनाए।

# वेस्ली सो ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज ओपन का खिताब जीता, निहाल सरीन रहे उपविजेता

**- भारत के अर्जुन एरिगेसी 11 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक दौर का खेल शेष रहते टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज ओपन का ओपन वर्ग का खिताब जीत लिया जबकि रविवार को यहां भारत के निहाल सरीन उप विजेता रहे। महिला वर्ग में अमेरिका की कारिसा यिप ने रोमांचक प्ले ऑफ में खिताब जीता। भारत की वंतिका अग्रवाल उप विजेता रहीं।

ओपन वर्ग में वेस्ली सो ने 12 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया जबकि सरीन के नाम 11 अंक रहे। भारत के ही अर्जुन एरिगेसी 11 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वेस्ली सो ने भारत के विदित गुजराती को हराया।

वेई यी ने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को शिकस्त दी जो आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारत के आर प्रज्ञानंद ने हेन्स नीमैन को हराया। सरीन ने भी अहम मुकाबले में आनंद को हराया जबकि वेस्ली सो ने वेई यी को बराबरी पर रोका।

एरिगेसी ने भी आनंद को शिकस्त दी जबकि वेस्ली सो ने अरविंद चिदंबरम के खिलाफ मुश्किल में घिरे होने के बावजूद ड्रॉ के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी।

हेन्स के साथ ड्रॉ खेलने के साथ वेस्ली सो का खिताब सुनिश्चित हुआ। वह हालांकि अंतिम बाजी हार गए। महिला वर्ग में टाईब्रेक में वंतिका ने कारिसा के खिलाफ पहली बाजी गंवा दी जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने दूसरी बाजी ड्रॉ करके खिताब अपने नाम किया।

# इंडिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय शटलरों से बड़ी उम्मीदें



**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट (इनामी राशिः 950,000 वरऊ) मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों से इस बार बड़ी उम्मीदें हैं। पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन सहित शीर्ष शटलर अपने हालिया फॉर्म को ठोस नतीजों में बदलने की कोशिश करेंगे, खासकर घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए।

### ऐतिहासिक चुनौती : घरेलू कोर्ट का दबाव

भारत के खिलाड़ियों का पिछले 15 वर्षों में घरेलू कोर्ट पर प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। इस अवधि में केवल कुछ ही भारतीय–साइना, सिंधु, श्रीकांत, सात्विक-चिराग और लक्ष्य–खिताब जीत पाए हैं। ऐसे में घरेलू माहौल जहां समर्थन देता है, वहीं दबाव भी बढ़ाता है।

सिंधु और मालविका पर निगाहें

दिग्गज पीवी सिंधू 2017 में यहां चैंपियन रह चुकी हैं। पिछला सप्ताह उन्होंने मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल तक पहुंचकर अच्छा संकेत दिया, हालांकि चीन की वांग झियी से हार गईं। इंडिया ओपन में उनका पहला मैच वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से होगा। महिला एकल में दूसरी भारतीय उम्मीद मालविका बंसोड हैं, जिनका मुकाबला चीनी ताइपे की पाई यू पो से है। युवा खिलाड़ियों के पास भी घरेलू माहौल में चमकने का मौका रहेगा।

पुरुष एकल में शुरूआती राउंड में ही भारतीय भिड़ंत देखने को मिलेगी, जब लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी आमने-सामने होंगे। सेन ने 2022 में यहां खिताब जीता था और पिछले सत्र का अंत ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 जीतकर किया, हालांकि मलयेशिया ओपन में वे जल्दी बाहर हो गए।

आयुष शेट्टी 2025 में अमेरिकी ओपन सुपर 300 जीतकर चर्चा में आए। उन्होंने कोदाई नाराओका, लोह कीन यू जैसे नामी खिलाड़ियों को हराया और हाल में ली जी जिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके अलावा एचएस प्रणय का सामना हांगकांग के ली चेउक यिउ से, जबकि किदांबी श्रीकांत का सामना चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा।

### पुरुष युगल में सात्विक-चिराग सबसे बड़ी उम्मीद

भारतीय पोडियम उम्मीदों का सबसे बड़ा आधार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी होगी। वे इस टूर्नामेंट में 2022 के चैंपियन रह चुके हैं और दो बार फाइनल खेल चुके हैं। मलेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वे यहां वापसी की कोशिश करेंगे। महिला युगल और मिश्रित युगल में भी कई युवा भारतीय जोड़ियां उतरेंगी, जिनमें प्रिया-श्रुति, पांडा बहनें, त्रिसा-गायत्री, ध्रुव-तनीषा आदि शामिल हैं। यह अगली पीढ़ी के लिए बड़ा मंच साबित हो सकता है।

# तलाक, धोखा और अकेलापन: मैरीकॉम की दर्द भरी दास्तां, जानें कैसे पीड़ा से उठकर इस चैंपियन बॉक्सर ने की नई शुरूआत



**नई दिल्ली।** भारतीय खेल इतिहास की महानतम खिलाड़ियों में शुमार मैरी कॉम ने हाल ही में अपने जीवन के बेहद दर्दनाक अध्याय को सार्वजनिक किया। छह बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मैरी कॉम ने खुलकर बताया कि कैसे तलाक, आर्थिक धोखे और मानसिक टूटन वाले इस दौर ने उन्हें अंदर तक हिला दिया। लगातार मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर फैल रही बदनामी ने उन्हें चुप्पी तोड़ने पर मजबूर किया।

इंटरव्यू में मैरी कॉम ने भारी मन से कहा, 'मेरी इतनी उपलब्धियों का क्या मतलब? क्या फायदा? मैं टूट चुकी हूं, लेकिन शोक मनाने का समय भी नहीं मिला।' बॉक्सिंग की दुनिया में सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंची इस 43 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में उनके निजी जीवन में ऐसे घटनाक्रम हुए जिन्हें वे नरक जैसी स्थिति और सबसे अंधेरा दौर बताती हैं।

### तलाक, आर्थिक संकट और भावनात्मक गिरावट

मैरी कॉम और उनके पति के. ओनलर का संबंध लगभग दो दशक तक चला। दोनों की जोड़ी मणिपुर की खेल दुनिया का एक प्रेरणादायी उदाहरण मानी जाती थी। लेकिन 2023 में उनका तलाक सामने आने के बाद परिवार और करीबी सर्कल में स्तब्धता फैल गई। मैरी कॉम बताती हैं कि उनकी शादी टूटने की नींव 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले लगी चोट के दौरान पड़ी। वह कई महीनों तक बिस्तर पर रहीं, फिर वॉकर का सहारा लेना पड़ा। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वास्तविकता और विश्वासघात का सामना किया। उन्होंने कहा, 'मैंने सबसे ज्यादा भरोसा जिस इंसान पर किया, वही वैसा नहीं निकला जैसा मैंने समझा था।'

मैरी कॉम ने आरोप लगाया कि उनके पति ने उनके नाम की संपत्तियों को अपनी तरफ मोड़ा, कर्ज लिया और भूमि को गिरवी रखा। संपत्ति उनके नाम से हटाई गई। कर्ज लेने के लिए जमीन का इस्तेमाल किया गया। स्थानीय लोगों ने वसूली के लिए जमीन कब्जाई। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में उन्हें करोड़ों का नुकसान हुआ। बताया जाता है कि मणिपुर के चुराचांदपुर इलाके में स्थानीय स्तर पर उधारी के पैसे वसूलने के लिए अंडरग्राउंड ग्रुप्स तक सक्रिय हो गए। उधर जब ओनलर से स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया और कहा कि उनका किसी तरह के गलत काम से कोई संबंध नहीं है।

### सोशल मीडिया ट्रायल और चरित्र पर हमले

मैरी कॉम सामाजिक स्लैंडर से सबसे ज्यादा आहत दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि जब वह चुप रहीं तो उनकी चुप्पी को कमजोरी समझ लिया गया। उन्हें लालची कहा गया। चुनाव लड़ने के लिए पति को मजबूर करने का झूठ फैलाया गया। निजी बातें टैब्लॉयड को लीक की गईं। चरित्र पर सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा, 'मैंने इन सबका जवाब नहीं दिया क्योंकि मैं अपने बच्चों और परिवार को तमाशे में नहीं बदलना चाहती थी। लेकिन अब हद हो चुकी है।'

मैरी कॉम के चार बच्चे हैं, तीन बेटे (जिनमें जुड़वां शामिल) और एक बेटी। साथ ही उनके माता-पिता भी उन पर निर्भर हैं। यही जिम्मेदारी उन्हें टूटने नहीं देती। उन्होंने आगे कहा, 'मैं शोक भी नहीं मना सकती। बच्चों का क्या? घर का क्या? यही सोचकर खुद को संभालना पड़ता है।' अपने दर्द के बावजूद उन्होंने कहा कि वे पुलिस में कोई शिकायत नहीं करेंगी। उन्होंने आगे कहा, 'बस मुझे अकेला छोड़ दो, बदनाम करना बंद करो।'

तलाक और आर्थिक झटकों के बाद अब वे फिर से खड़ी हो रही हैं। फरीदाबाद में रहने वाली यह दिग्गज खिलाड़ी अब एंडोर्समेंट, कमर्शियल अपीयरेंस, स्पोर्ट्स इवेंट के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं। साथ ही वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट्स कमीशन की अध्यक्ष भी हैं।

# सौराष्ट्र ने यूपी को हराया, कर्नाटक की मुंबई पर जीत; सेमीफाइनल में पहुंचीं दोनों टीमें




**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले शुरू हो चुके हैं और सोमवार को खेले गए पहले दो मैचों में कर्नाटक और सौराष्ट्र ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। कर्नाटक ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में मुंबई को हराया, जबकि सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। अब मंगलवार को बचे हुए दो क्वार्टर फाइनल खेले जाएंगे, जिनमें पंजाब का सामना मध्य प्रदेश से होगा। वहीं, दिल्ली और विदर्भ की टीमें आमने-सामने होंगी।

### कर्नाटक ने मुंबई को 55 रन से हराया

गत विजेता कर्नाटक ने देवदत्त पडिक्कल और करुण नायर की शानदार पारियों की बदौलत मुंबई को 55 रन से हराकर लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बारिश के कारण वी.जे.डी. मेथड से नतीजा निकाला गया। 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक ने 33 ओवर में एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे, जब खेल रोकना पड़ा। उस समय वी.जे.डी. पार स्कोर 132 था और कर्नाटक इससे 55 रन आगे था। पडिक्कल 81 और नायर 74 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले मुंबई की टीम 254/8 तक ही पहुंच सकी, जिसमें शम्स मुलानी ने 86 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। कर्नाटक के लिए विद्या धर पाटिल ने तीन विकेट झटके।

### सौराष्ट्र ने यूपी पर 17 रन से दर्ज की जीत

दूसरे क्वार्टर फाइनल में सौराष्ट्र ने कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक की बदौलत उत्तर प्रदेश को 17 रन से हराकर अंतिम चार में जगह पक्की की। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में भी वी.जे.डी. मेथड लागू हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश ने 310/8 का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसमें अभिषेक गोस्वामी और समीर रिजवी ने 88-88 रन की पारियां खेलीं। जवाब में सौराष्ट्र 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बना चुका था, जब खेल रोकना पड़ा। देसाई 100 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने प्रेरेक मांकड़ (67) व चिराग जानी (40 नाबाद) के साथ अहम साझेदारियां कीं, जिससे सौराष्ट्र विजयी रहा।




# वेव सिटी पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

## चार आरोपी गिरफ्तार, 50 से अधिक वाहन चोरी का खुलासा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वेव सिटी थाना पुलिस ने इलाके में सक्रिय वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इनके कब्जे से कई चोरी की मोटरसाइकिल, स्कूटी और वाहन के पाट्र्स बरामद किए हैं। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गोविंद, नदीम, समद और शाहरुख शामिल हैं। सभी आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं और लंबे समय से वाहन चोरी की वारदातों में सक्रिय थे। गिरोह चोरी किए गए वाहनों को काटकर उनके पुर्जे दिल्ली के सीमापुरी क्षेत्र में बेच देता था।

### चार चोरों पर दर्ज हैं बीस मुकदमें

### आपराधिक रिकॉर्ड भारी – कई थानों में मुकदमे दर्ज



**करंट क्राइम :** इस मामले में पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह के सदस्यों पर कई थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें गोविंद पर 5 मुकदमे नंदग्राम, इंदिरापुरम, पिलखुवा क्षेत्र में वाहन चोरी के हैं। तो नदीम पर 5 मुकदमे मसूरी, नंदग्राम, इंदिरापुरम, पिलखुवा पर हैं। शाहरुख पर भी 5 मुकदमे थाना नंदग्राम, इंदिरापुरम पर दर्ज बताएं जा रहे हैं। तो आरोपी समद पर 6 मुकदमे (नंदग्राम, इंदिरापुरम, पिलखुवा सहित में हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह अब तक 50 से अधिक वाहन चोरी कर चुका है। चोरी के बाद आरोपी वाहनों की नंबर प्लेट हटाकर उनके पाट्र्स में कटिंग कर सीमापुरी में महंगे दामों पर बेच देते थे। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के अनुसार, आरोपियों के अन्य आपराधिक इतिहास एवं नेटवर्क की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस आगे भी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# वैश्य समाज का 23वां परिवार मिलन समारोह

## हजारों युवक-युवतियों का हुआ परिचय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सामाजिक सरोकार और पारिवारिक एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज हापुड़ रोड स्थित इम्पीरियल फार्म हाउस में वैश्य समाज गाजियाबाद संस्था द्वारा '23वां परिवार मिलन समारोह' आयोजित किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद समारोह में समाज के हजारों परिवारों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान वैश्य परिवार के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कराया गया। इस प्रतिष्ठित मंच के माध्यम से अभिभावकों और युवाओं को एक-दूसरे की शैक्षणिक योग्यता और पारिवारिक पृष्ठभूमि जानने का सीधा अवसर मिला।

संस्था के अध्यक्ष गोपीचन्द ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 23 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस समारोह के माध्यम से अब तक हजारों परिवारों के सुखद संबंध स्थापित हो चुके हैं।

समारोह में समाज की कई प्रतिष्ठित विभूतियों ने शिरकत की। मुख्य रूप से गोपीचन्द, राधेश्याम गर्ग, राजकुमार गर्ग, नरेन्द्र बंसल एवं रमेश चन्द खजांची सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची को रोकने और सादगीपूर्ण विवाह को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के पदाधिकारियों ने आए हुए सभी परिवारों का आभार व्यक्त किया और समाज की एकता को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया।

# हापुड़ के होटल संचालक पर ढाई करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

## गाजियाबाद के बिल्डर ने की शिकायत




**हापुड़ करंट क्राइम।** एनसीआर के एक नामचीत होटल संचालक पर गाजियाबाद के बिल्डर ने ढ़ाई करोड़ की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। दोनों ने साझेदारी में मथूरा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे होटल खोला था। इसमें बिल्डर से ढ़ाई करोड़ रुपया लगवा लिया। उसके बाद आरोपित चुपचाप होटल को बेचकर चला गया। अब रुपये मांगने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने एसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। होटल संचालक की पत्नी को भी आरोपित बताया गया है।

हापुड़ का रहने वाला कारोबारी एनसीआर का प्रमुख होटल संचालक है। उसके गढ़मुक्तेश्वर में दो बड़े ढाबे होने के साथ ही हरियाणा के सोनीपत में भी ढाबे के नाम से होटल हैं। पिछले दिनों उन्होंने मथूरा में भी होटल बनाया था। गाजियाबाद की संजय नगर कालोनी के रहने वाले नगेंद्र चौधरी उर्फ नीरज ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उन्होंने होटल व ढाबों का संचालन करने वाले दंपती के साथ 2023 में यमुना एक्सप्रेसवे वृदांवन कट के निकट मथुरा में साझेदारी में होटल खोला था। जिसमें उनकी हिस्सेदारी लागत के अनुसार तय की गई थी। पीड़ित का कहना है कि आरोपित दंपती ने उनसे हिस्सेदारी और अन्य खर्च के लिए एक करोड़ 67 लाख 80 हजार रुपये बैंक खातों के माध्यम से ले लिए। इसके अलावा 87 लाख 45 हजार रुपये नकद उन्होंने आरोपितों को दिए। जिसके बाद मई 2023 से होटल का संचालन शुरू कर दिया गया।

पीड़ित का कहना है की आरोपितों ने साझेदारी की शर्तों को पालन नहीं किया। वहीं, फर्जी दस्तावेजों के जरिए होटल को बिना किसी अधिकार के बेच दिया गया। जिसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने आरोपित से अपने हिस्से का धन और मुनाफा मांगा। जिस पर उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपित दंपती पर कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने इस मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी है। उसकी जांच में दोषी सिद्ध होने पर आरोपित दंपति पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# आईटीएस मोहन नगर में युवा दिवस पर संकल्प रन का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर स्थित इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में विबग्योर ए कल्चरल क्लब की ओर से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए स्वदेशी संकल्प रन का आयोजन किया गया। आईटीएस मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉक्टर अजय कुमार ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और स्वदेशी के भावनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कल्चरल क्लब के सदस्यों ने छात्रों को दैनिक जीवन में भारतीय उत्पादों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। पीजीडीएम के छात्रों ने इस दौर में भाग लिया। यह दौर आसपास के सड़कों से गुजरी जिसका उद्देश्य लोगों में स्वदेशी उत्पादों को मजबूत करने और भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में जागरूक करना था। ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कल्चरल क्लब के सदस्यों के प्रयासों के सराहना करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद की शक्ति, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा के संदेश को लोगों तक पहुंचना आवश्यक है। कार्यक्रम को निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडे ने संबोधित किया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीबीए इन्मेंटेक कॉलेज की कृषवी, द्वितीय स्थान पर खुशबू वर्मा और तृतीय स्थान पर निधि गोस्वामी रही।

# स्वतंत्रता सेनानी प्रीतम सिंह के समाधि स्थल को बचाने को लेकर दादरी के विधायक का किया जाएगा घेराव





**ग्रेटर नोएडा। (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन मंच की ओर से खेरा चौगानपुर ग्रेटर नोएडा में महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में स्वतंत्रता सेनानी बाबा प्रीतम सिंह की स्मृति स्थल को बचाने को लेकर आंदोलन चलाने का फैसला लिया गया। महापंचायत की अध्यक्षता धर्मवीर भाटी और संचालन अक्षय मुखिया जिला अध्यक्ष ने किया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि 17 जनवरी को दादरी के विधायक का घेराव किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा और बिल्डर की मिली भगत से स्वतंत्रता सेनानी बाबा प्रीतम सिंह की स्मृति स्थल पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक इस स्मृति स्थल को मुक्त नहीं किया जाएगा तब तक धरना जारी रखा जाएगा। संस्थापक सुरेंद्र प्रधान ने कहा कि बिल्डर का काम चलने नहीं दिया जाएगा। मास्टर मानवेंद्र भाटी ने कहा कि हमारे बुजुर्ग स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान की लड़ाई है धरने को और मजबूत किया जाएगा। महापंचायत में किसान संघर्ष समिति के संयोजक मनवीर भाटी राष्ट्रीय सरल पार्टी की महासचिव मेनका शर्मा, समाजवादी पार्टी के अक्षय चौधरी, अजय भाटी, शशि यादव, जिला अध्यक्ष हैप्पी पंडित, दीपक नागर, अशोक गुर्जर आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सूरज प्रधान, चरण सिंह प्रधान, रोहतास नागर, एडवोकेट दिनेश भाटी, अमीन विक्रांत भाटी, सुनील भाटी, चिंकू यादव, कृष्णा भढ़ाना, अनु, सरपंच अमित प्रधान, आशीष चौहान, रिंकू यादव, प्रिंस भाटी, गजेंद्र बसोया, वीर सिंह, धर्म सिंह, सागर यादव, दानिश, अब्दुल कादिर, डॉक्टर मोहसिन, अजब सिंह भाटी, सोनू लोहिया, राजीव भाटी आदि उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद चौक पर गूंजे प्रेरणा के स्वर

## शालीमार गार्डन मण्डल ने श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शालीमार गार्डन मण्डल स्थित विवेकानंद चौक पर महान विचारक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, जो कार्यक्रम के संयोजक रहे, तथा पार्षद रवि भाटी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम उनके नेतृत्व और सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपस्थित युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया और उनके ओजस्वी संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक रुको मत' को आत्मसात करने का प्रण लिया। मण्डल अध्यक्ष अशोक भाटी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को सही दिशा दिखाते हैं और उनके मार्ग पर चलकर ही सशक्त, आत्मनिर्भर और राष्ट्रनिर्माण में सहभागी युवा पीढ़ी का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, पार्षद रवि भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, मण्डल अध्यक्ष अशोक भाटी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजन आर्या, मुकेश यादव, सोनू चौधरी, दीपक ठाकुर, अशोक भाटी, दीपक मिश्रा, आदेश तिवारी, मोहित चौधरी, प्रमोद चौधरी, राजेंद्र चौधरी, रामपाल उपाध्याय, निधि उपाध्यक्ष, जयवीर तोमर, भगतजी, संजय, हर्षस्वरूप, निशांक, भड़ानाजी, मावीजी, डॉक्टर गोधरा, सिंटू चौधरी, सोमनाथ चौहान, मुकेश, राजेश सफाई नायक, राजेंद्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर स्वामी विवेकानंद को नमन किया।

# भाजपाइयों ने सांसद अरुण गोविल का मनाया जन्मदिन



**मेरठ करंट क्राइम।** मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल का जन्म दिवस मनाने के लिए जिलाध्यक्ष कविता माधरे के नेतृत्व में हापुड़ के कार्यकर्ता बैंड बाजे के साथ मेरठ स्थित सांसद के आवास पर पहुंचे। जहां कार्यकताओं में बैंड बाजे की धुन पर नाच गाना गाकर सांसद अरुण गोविल के गले में माला एवं पटके डालकर उनका भव्य स्वागत कर जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी एवं केक कटवा कर हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया। सांसद अरुण गोविल ने सभी कार्यकताओं को रिटर्न गिफ्ट में रामचरितमानस देकर सभी कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कविता माधरे, जिला महामंत्री मोहन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कपिल एसएम, सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली, पवन गर्ग, कपिल सिंहल, दक्षिण मंडल अध्यक्ष सुनील वर्मा, अमित कुमार शर्मा, जय भगवान शर्मा, मनोज तोमर, सतीश सिंघल, कुणाल चौधरी, प्रमोद जिंदल, रकम सिंह, सुरेंद्र सिंह, नितिन पाराशर, संजीव वर्मा, आदित्य सूद, अमित शर्मा मोनू बजरंग, रोहताश यादव, शशांक गुप्ता, मोहम्मद फैज, प्रमोद त्यागी, अनिल त्यागी, हितेश मोदी, श्यामेंद्र त्यागी, मनीष अग्रवाल, दीपांशु गर्ग, भूपेंद्र सिंह, विजय कुमार, योगेंद्र सिंह, सौदान सिंह, प्रवीण शर्मा, यशोदा शर्मा, संजय शर्मा, अमित त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# साइबर हेल्प डेस्क को मिले सीयूजी नंबर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम लगातार चर्चा में बना रहता है। कभी यहां के आदेश तो कभी यहां के पुलिसकर्मियों के कारनामे हमेशा से सोशल मीडिया से लेकर पुलिस के बीच छाए रहते हैं। बीते दिनों जिस तरीके से यहां के वीवीआईपी मूवमेंट ने चर्चा बटोरी हैं। तो अब ताजा मामला यहां के साइबर हेल्प डेस्क का सुनाइ दे रहा है। पुलिस की वर्किंग और व्यवहार को सुधारने के लिए लंबे प्रयास करने के बाद अब सुनाई दे रहा है कि इन दिनों सबसे ज्यादा परेशान करने वाले और सर्वाधिक मामलों की जानकारी वाले अपराध को रोकने के लिए कई प्रयास हो रहे हैं। अब पता चला है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार अपराध को कम करने की व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए तमाम तरीके के प्रयास हो रहे हैं। अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जानकारी मिल रही है कि जितने भी थानों में साइबर हेल्प डेस्क में वहां की वर्किंग को सुधारने और लोगों को थाने-चौकी और साइबर डेस्क के चक्कर नहीं लगाने पड़े, इसके लिए नई व्यवस्था की गई है। यहां तैनात किए गए सभी थ्री-स्टारों को बाकायदा अब संपर्क और बेहतर संवाद के लिए सीयूजी नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही फोन भी गिफ्ट दिया गया है। बताया जा रहा है यह इसलिए किया गया है ताकि साइबर अपराध के मामलों में हेल्प डेस्क तक पहुंचने वाले लोगों को परेशान ना होना पड़े। उनकी समस्या का समाधान हो और वह थाना प्रभारी को फोन ना मिलकर सीधे साइबर वालों के संपर्क में आ जाएं। बता दें कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई तरीके के मामले आ रहे हैं। तो जिस तरीके से लगातार ट्रैफिक वाले महकमे कार्रवाई का सिलसिला चल रहा है उसकी भी चर्चा दूर तक बनी हुई हैं। इन सबके बीच चर्चा तबादला एक्सप्रेस की भी जारी है कि लखनऊ से कब हरी झंडी मिलती है और कब कमिश्नरेट से लेकर जिलों में परिवर्तन वाला आदेश आता है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की परेड को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि शाम को रोजाना लाइन वाले मैदान में 23 वालों से लेकर बेहतर परफॉर्मेंस वाले पुलिसकर्मी पसीना बहाने का काम कर रहे हैं ताकि 26 वाली परेड में कमिश्नरेट वाली पुलिस का नाम हो और सम्मान नजर आए। वैसे कुल मिलाकर कहा जा रहा है की साइबर हेल्प डेस्क को बेहतर ढंग से चलाने और लोगों की समस्या के समाधान में सीयूजी नंबर मिलने से अब काफी सहूलियत होगी।




# सीवर-नालों की सफाई अब पूरी तरह मशीनों से होगी, मैन्युअल सफाई पर सख्त रोक



**नोएडा।** नोएडा में सीवर व नालों की सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों की हुई मौत को देखते हुए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव राहुल कश्यप ने आज बड़ी घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर के शहरी क्षेत्रों में सीवर एवं नालों की सफाई पूर्ण रूप से यांत्रिक माध्यमों से कराई जाए। किसी भी परिस्थिति में मैन्युअल सफाई न कराई जाए।

सचिव राहुल कश्यप सोमवार को जनपद गौतमबुद्ध नगर के भ्रमण पर पहुंचे थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सेक्टर 63, सेक्टर 37 नोएडा तथा लीग्रैंड सोसाइटी सेक्टर 150 में संबंधित घटनास्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके उपरांत सचिव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान सचिव ने हाथ से मैला ढोने का कार्य प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इस अधिनियम का गहन अध्ययन कर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इसका प्रभावी अनुपालन कराए। उन्होंने बताया कि मैनुअल स्कैवेंजिंग निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 (एमएस एक्ट-2013) के अंतर्गत 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि दिए जाने का स्पष्ट प्रावधान है, जिसका सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा पालन किया जाए।

# स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा वृद्धाश्रम भ्रमण का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत वृद्धाश्रम भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रो बोनो एवं लीगल एड क्लब के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका समन्वय क्लब की संयोजक आकांक्षा सिंह एवं सह-संयोजक श्रुति खंडेलवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नोएडा स्थित आंगन वृद्धाश्रम का दौरा किया।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन आकांक्षा सिंह, सहायक प्रोफेसर, एसएलएलएस एवं श्रुति खंडेलवाल, सहायक प्रोफेसर, एसएलएलएस द्वारा प्रो बोनो एवं लीगल एड सेल के अंतर्गत किया गया। स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी इस अवसर पर चांसलर एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार तथा प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं संस्थागत सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पिता के लिए सबसे हर्ष के वर्ष वह होता है जब उसका सुपुत्र इस दुनिया में कदम रखता है। फिर हर वर्ष पूरे हर्ष के साथ पूरा परिवार जन्मदिन को सेलिब्रेट करता है। बसपा नेता रवि कुमार अपने लाडले बेटे अक्की के जन्मदिन पर उसे आशीर्वाद दिया और उसके लिए जीवन की सभी खुशियां मांगी। पिता और पुत्र के स्नेह की अभिव्यक्ति को अपने आप में समेट यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वेनेजुएला को लेकर ट्रंप का बड़ा दावा खुद को बताया कार्यवाहक राष्ट्रपति



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और ग्रीनलैंड को धमकी के बीच नई सनसनी फैला दी है। ट्रंप ने बड़ा बयान देते हुए खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है, जिससे जुड़ी एक तस्वीर उन्होंने ट्रुथ सोशल पर साझा की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई कर और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर पूरी दुनिया में भूचाल ला गया था। वहीं अब वेनेजुएला से जुड़ा एक पोस्ट कर नई सनसनी फैला दी है। अपने ट्रूथ सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट कर ट्रंप ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है, उन्होंने इससे जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की है।

### खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया है। ट्रुथ सोशल पर साझा की गई इस पोस्ट में वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रंप को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में दशार्ने वाली एक डिजिटल रूप से संपादित तस्वीर दिखाई गई है। यह तस्वीर ऐसे वक्त पर साझा की गई है, जब ट्रंप लगातार वेनेजुएला के तेल भंडार को लेकर तेल कंपनियों के साथ बैठक कर रहे हैं और लगातार ईरान-ग्रीनलैंड पर धमकी भरे लहजे में बयानबाजी कर रहे हैं।

### अमेरिका का वेनेजुएला पर शासन!

विकिपीडिया की संपादित तस्वीर में डोनाल्ड ट्रंप को जनवरी 2026 तक वेनेजुएला के वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में दशार्या गया।

बता दें कि वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने यह भी दावा किया कि है जब तक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक अमेरिका वेनेजुएला सरकार का 'संचालन' करेगा।

### तेल कंपनियों को ट्रंप की दो टूक

बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दुनिया की दिग्गज तेल-गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वेनेजुएला में निवेश अब सीधे अमेरिका के साथ होगा, ना कि वेनेजुएला सरकार के साथ। ट्रंप ने सुरक्षा की गारंटी देते हुए तेल उद्योग को बड़े निवेश के लिए खुला न्योता दिया। ट्रंप ने ये भी कहा कि अगर अमेरिका ने समय रहते कार्रवाई नहीं की होती, तो चीन या रूस वेनेजुएला में अपनी मजबूत मौजूदगी बना चुके होते।

### अमेरिका वेनेजुएला में क्या करना चाहता है?

अमेरिका चाहता है कि उसकी तेल कंपनियां वेनेजुएला में निवेश करें। तेल उत्पादन और बुनियादी ढांचे को दोबारा खड़ा किया जाए। वेनेजुएला के तेल की वैश्विक बिक्री पर अमेरिका की पकड़ बनी रहे। ट्रंप प्रशासन इसे आर्थिक पुनर्निर्माण का रास्ता बता रहा है।

# शक्सगाम घाटी पर भारत की आपत्ति के बाद चीन का पलटवार, अवैध दावे दोहराए

**बीजिंग।** शक्सगाम घाटी में अवैध परियोजनाओं को लेकर भारत की ओर से सख्त आपत्ति जताए जाने के बाद चीन बौखला गया है। इस क्षेत्र पर उसने अपना दावा दोहराया है। यह क्षेत्र पहले अवैध रूस से पाकिस्तान के कब्जे में था। पाकिस्तान साल 1963 में अवैध तरीके से समझौते के तहत इस क्षेत्र को चीन को सौंपा था।

शक्सगाम घाटी में अवैध गतिविधियों को लेकर भारत से लताड़ लगने के बाद चीन को तीखी मिर्ची लगी है। इसके साथ ही उसकी विस्तारवादी सोच एक बार फिर उभरकर सामने आई है। भारत की ओर से कड़ी आपत्ति जताए जाने के बाद उसने शक्सगाम घाटी पर अपना क्षेत्रीय दावा दोहराया। उसने कहा कि इस क्षेत्र में चीन की बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं त्रुटियों से परे हैं। पाकिस्तान ने 1963 में शक्सगाम घाटी के 5,180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र को अवैध रूप से चीन को सौंप दिया था। यह क्षेत्र पहले भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में था।

### भारत ने क्या कहा था?

पहले यह जानते हैं कि भारत ने शक्सगाम घाटी में चीन की अवैध गतिविधियों पर कहा क्या था। भारत ने सख्त आलोचना करते हुए कहा था कि यह क्षेत्र भारतीय क्षेत्राधिकार में आता है और भारत जरूरी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बीते शुक्रवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था, 'शक्सगाम घाटी भारतीय क्षेत्र है और हमने शक्सगाम घाटी की जमीनी हकीकत को बदलने के प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के सामने लगातार विरोध जताया है। जायसवाल ने कहा था, हमने कभी भी 1963 में हुए तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को स्वीकार नहीं किया है। हम हमेशा से कहते आए हैं कि यह समझौता अवैध और अमान्य है। उन्होंने आगे कहा, हम तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को भी स्वीकार नहीं करते, जो भारतीय क्षेत्र से होकर गुजरता है और जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जायसवाल ने कहा, सभी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा हैं। यह बात हम कई बार पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बता चुके हैं।



### चीन ने दोहराया अपना झूठा दावा

जायसवाल की साफ और स्पष्ट टिप्पणियों से चीन को मिर्ची लग गई। उसके विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने प्रेस वार्ता कहा, सबसे पहले, जिस क्षेत्र का आप जिक्र कर रहे हैं, वह चीन के क्षेत्र का हिस्सा है। अपने ही क्षेत्र में चीन की बुनियादी ढांचा गतिविधियां किसी आलोचना के योग्य नहीं हैं। माओ ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने 1960 के दशक से सीमा समझौते किए हैं और दोनों देशों के बीच सीमा तय की है। उन्होंने कहा कि इस पर पाकिस्तान और चीन का वैध अधिकार है। सीपीईसी पर भारत की आलोचना के जवाब में माओ ने कहा कि यह एक आर्थिक पहल है, जिसका उद्देश्य स्थानीय आर्थिक और सामाजिक विकास तथा लोगों की जीवन स्तर में सुधार करना है। उन्होंने कहा, ऐसे समझौते और सीपीईसी कश्मीर मामले में चीन के रुख को प्रभावित नहीं करेंगे। इस मामले में चीन का रुख अपरिवर्तित है।

### जम्मू-कश्मीर विवाद पर चीन की स्थिति क्या है?

चीन की कश्मीर पर आधिकारिक स्थिति यह है कि जम्मू और कश्मीर का विवाद इतिहास से पैदा हुआ है और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, सुरक्षा परिषद के संबंधित निर्णयों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार सही और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए।

# 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करे ईरान सरकार' यूएन महासचिव गुटेरेस की सख्त अपील



**जिनेवा।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सरकार से संयम बरतने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करने की अपील की। ईरान में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरानी सरकार से सख्त लेकिन संवेदनशील अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार को हालात संभालते समय अधिकतम संयम बरतना चाहिए और जनता के अभिव्यक्ति, संगठन और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों का पूरी तरह सम्मान करना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब बीते 15 दिनों में ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 420 लोगों की मौत की खबरें सामने आई हैं। इनमें आठ मासूम बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी मानवाधिकार कार्यकर्ता इन ईरान (एचआरए) ने दी है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी रिपोर्ट किया है।

### अनावश्यक बल प्रयोग से बचें- गुटेरेस

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने बयान में गुटेरेस ने कहा कि वे ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा और अत्यधिक बल प्रयोग की खबरों से स्तब्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अनावश्यक या असमानुपातिक बल का इस्तेमाल किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि ईरान में सूचना तक पहुंच बहाल की जाए, खासकर संचार सेवाओं को फिर से शुरू किया जाए।

### इजरायल का समर्थन, नेतन्याहू का बयान

इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ईरान की स्थिति पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ईरान में हो रहे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है और ईरानी नागरिकों की बहादुरी को पूरा विश्व देख रहा है। गौरतलब है कि ये विरोध प्रदर्शन 28 दिसंबर को बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के खिलाफ शुरू हुए थे, लेकिन जल्द ही ये देशव्यापी आंदोलन में बदल गए। कई शहरों में झड़पें, गिरफ्तारियां और सख्त सरकारी कार्रवाई देखने को मिली। मानवाधिकार संगठनों ने लगातार मौतों की संख्या और प्रदर्शनकारियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर चिंता जताई है। वहीं, ईरानी सरकार का कहना है कि यह सब विदेशी हस्तक्षेप और दंगाइयों की वजह से हो रहा है।

### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उनके अनुसार, सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे आरोप होंगे और सख्त सजा दी जाएगी।

# बांग्लादेश में हिंदू सिंगर की इलाज न मिलने से मौत:जेल में बंद थे अस्पताल में दम तोड़ा, परिवार ने लगाया लापरवाही का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में जेल में बंद एक हिंदू सिंगर की पर्याप्त इलाज न मिलने से मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रोलय चाकी के रूप में हुई है। परिवार ने आरोप लगाया है कि जेल में रहते हुए उन्हें समय पर और पर्याप्त इलाज नहीं मिला।

चाकी ने रविवार रात (11 जनवरी) करीब 9 बजे राजशाही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ा। वह पाबना जिला जेल में बंद थे और शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। जेल प्रशासन के मुताबिक, शुक्रवार सुबह प्रोलय चाकी को दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उन्हें पहले पाबना जनरल अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए राजशाही मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां रविवार रात उनकी मौत हो गई।



अधिकारी बोले- इलाज में देरी नहीं हुई पाबना जिला जेल के सुपरिटेंडेंट मोहम्मद ओमर फारुक ने बताया कि प्रोलय चाकी पहले से ही डायबिटीज समेत कई बीमारियों से पीड़ित थे। उनके मुताबिक, तबीयत बिगड़ते ही इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई थी और किसी तरह की देरी नहीं हुई। मृतक के बेटे और म्यूजिक डायरेक्टर सानी चाकी ने जेल प्रशासन के दावों को खारिज किया है। उनका कहना है कि उनके पिता को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और आंखों की गंभीर समस्या थी, इसके बावजूद जेल में ठीक से इलाज नहीं कराया गया।

सानी चाकी का आरोप है कि जब उनके पिता को पाबना जनरल अस्पताल ले जाया गया, तब वहां हृदय रोग से जुड़े इलाज की सुविधाएं नहीं थीं। इसके बावजूद उन्हें वहीं रखा गया, फिर वापस जेल भेजा गया और बाद में राजशाही ले जाया गया, जिससे उनकी हालत और बिगड़ गई।

अवामी लीग से जुड़े थे प्रोलय प्रोलय चाकी बांग्लादेश की अवामी लीग के जिला स्तरीय सांस्कृतिक सचिव थे। उन्हें 16 दिसंबर 2025 को उनके घर से गिरफ्तार किया गया था।

# ग्रीनलैंड विवाद पर ब्रिटेन की एंट्री आर्कटिक में रूस-चीन गठजोड़ से नाटो सतर्क



**लंदन।** अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात से पूरे पश्चिमी जगत में तनाव का माहौल है। हालांकि जिस वजह से अमेरिका, ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहता है, अब ब्रिटेन ने भी उसका समर्थन किया है। ब्रिटेन ने आर्कटिक महासागर में रूस-चीन के गठजोड़ को बड़ा खतरा बताया है और नाटो देशों से बातचीत शुरू कर दी है।

अमेरिका के ग्रीनलैंड पर कब्जे की कोशिश अब रोचक मोड़ लेती नजर आ रही है। दरअसल अब ब्रिटेन की भी इसमें एंट्री हो गई है। दरअसल ब्रिटेन की सरकार अपने नाटो सहयोगी देशों से आर्कटिक महासागर की सुरक्षा को लेकर चर्चा कर रही है। रूस और चीन लगातार आर्कटिक महासागर में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं और इसे लेकर ब्रिटेन ने चिंता जताई है। इन दोनों देशों का मुकाबला करने के लिए ही ब्रिटेन, नाटो देशों को एकजुट करने की कोशिश में जुट गया है। तो आइए जानते हैं कि पर्दे के पीछे आर्कटिक महासागर क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर क्या कुछ चल रहा है और इसका क्या असर हो सकता है।

### ब्रिटेन, नाटो देशों के साथ कर रहा चर्चा

ब्रिटेन के परिवहन मंत्री हैदी एलेक्जेंडर ने बताया कि ब्रिटेन की सरकार नाटो के सहयोगी देशों के साथ आर्कटिक सागर को लेकर चर्चा कर रही है। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है, जब अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा जाहिर की है। इसे लेकर नाटो के सहयोगी देशों में गहरी नाराजगी है और कई देशों ने आशंका जताई है कि अमेरिका के इस कदम से नाटो टूट सकता है। अब ब्रिटेन द्वारा नाटो के सहयोगी देशों से बातचीत करना, माहौल को शांत करने के तौर पर देखा जा रहा है। ब्रिटेन और नाटो देशों के बीच क्या बात हुई, ये तो अभी तक पता नहीं चल पाई है, लेकिन माना जा रहा है कि ब्रिटेन की यह पहल नाटो को टूटने से बचाने और आर्कटिक सागर में रूस और चीन के बढ़ते गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए है।

# नेपाल चुनाव से पहले राजशाही की वापसी की मांग काठमांडू में सड़कों पर उतरे समर्थक

**काठमांडू।** नेपाल में चुनाव से पहले राजशाही समर्थक सड़कों पर उतर आए हैं। काठमांडू में निकली रैली में राजा ज्ञानेंद्र की वापसी की मांग उठी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था देश को स्थिरता नहीं दे पा रही है। नेपाल में आम चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है। राजधानी काठमांडो में रविवार को राजशाही समर्थकों ने रैली निकालकर राजा की बहाली की मांग की। यह रैली जेन-जी आंदोलन के बाद अपदस्थ राजा ज्ञानेंद्र विक्रम शाही के समर्थकों की पहली बड़ी सार्वजनिक मौजूदगी मानी जा रही है। मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों से पहले इस प्रदर्शन ने नई बहस छेड़ दी है।

राजशाही समर्थकों का कहना है कि जेन-जी आंदोलन और उसके बाद बने हालात ने देश को अस्थिर कर दिया है। सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद अंतरिम सरकार बनी और अब मार्च में चुनाव प्रस्तावित हैं। इसी बीच राजशाही समर्थक सड़कों पर उतरे और दावा किया कि मौजूदा व्यवस्था देश को स्थिरता नहीं दे पा रही है।



### प्रदर्शन में क्या नारे लगे?

रैली में शामिल लोग हम अपने राजा से प्यार करते हैं और राजा को वापस लाओ जैसे नारे लगाते दिखे। प्रदर्शनकारी 18वीं सदी में शाह वंश की नींव रखने वाले पृथ्वी नारायण शाह की मूर्ति के आसपास एकत्र हुए। रविवार को पृथ्वी नारायण शाह की जयंती भी थी, जिसे रैली के लिए प्रतीकात्मक दिन माना गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राजशाही ही देश के लिए आखिरी विकल्प है। जेन-जी आंदोलन के बाद हालात संभालने में सरकार नाकाम रही है।

राजनीतिक अस्थिरता और अव्यवस्था बढ़ी है। राजा की वापसी से देश में एकता आएगी। गणतंत्र व्यवस्था से लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। पिछला अनुभव और सुरक्षा इंतजाम कैसे रहे?

पिछले वर्षों में ऐसी रैलियों के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुई थीं और हिंसा भी देखी गई थी। इस बार हालांकि रैली शांतिपूर्ण रही। इसके बावजूद दंगा रोधी पुलिस को तैनात रखा गया और पूरे कार्यक्रम पर कड़ी नजर रखी गई। प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क दिखा। नेपाल में 2008 में राजशाही खत्म कर देश को गणतंत्र घोषित किया गया था।


अंतिम शाह राजा ज्ञानेंद्र को गद्दी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। अब एक बार फिर राजशाही की मांग उठने से चुनावी राजनीति पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों का मानना है कि आने वाले चुनावों में यह मुद्दा बड़ा राजनीतिक हथियार बन सकता है।

# शक्सगाम घाटी पर चीन का दावा भारत ने बताया अवैध कब्जा

**बीजिंग।** कश्मीर के शक्सगाम घाटी का इलाका पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। (इनसेट- चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग) चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है। भारत को इस पर कड़ी आपत्ति है। भारत इस इलाके में किसी भी विदेशी अवैध निर्माण के खिलाफ रहा है। भारत ने 9 जनवरी को भी इस इलाके में चीन के कंट्रोल को अवैध कब्जा बताया था। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को कहा कि जिस इलाके को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वह चीन का ही हिस्सा है। अपने इलाके में इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना चीन का अधिकार है और इस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता।

### चीन बोला- कश्मीर मुद्दे पर हमारा रुख पहले जैसा

माओ निंग ने बताया कि चीन और पाकिस्तान ने 1960 के दशक में सीमा समझौता किया था और दोनों देशों के बीच सीमा तय की गई थी। उन्होंने कहा



कि यह फैसला दो संप्रभु देशों ने अपने अधिकारों के तहत किया था। माओ निंग ने कहा कि यह एक आर्थिक सहयोग परियोजना है, जिसका मकसद लोकल आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना और लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है।

# लॉस एंजिल्स में ईरान समर्थक रैली में ट्रक घुसा, ड्राइवर की पिटाई

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में ईरान के समर्थन में रैली निकाल रहे प्रदर्शनकारियों की भीड़ में एक ट्रक तेज रफ्तार में घुस गया, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में ईरान के समर्थन में हो रहे प्रदर्शन में उस वक्त अचानक अफरा-तफरी मच गई। जब एक तेज रफ्तार ट्रक भीड़ में घुसा गया, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। गुस्साएं लोगों ने बाद में ट्रक ड्राइवर की पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।




### प्रदर्शन कर रही भीड़ को कुचलने का प्रयास

दरअसल ईरान की जनता सरकार के खिलाफ पिछले 15 दिनों से आंदोलन कर रही है, जिसका असर पूरी दुनिया के साथ अमेरिका में भी देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में लॉस एंजिल्स में ईरानी शासन के विरोध में एक मार्च निकाला जा रहा था, जिसमें शामिल हुए लोगों को एक ट्रक से कुचलने की कोशिश की गई।

### ट्रक के आगे से हटे लोग, बाल-बाल बचे

अधिकारियों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार (11 जनवरी) दोपहर को लॉस एंजिल्स में ईरान में जारी आंदोलन के समर्थन में रैली निकाली जा रही थी। इस दौरान एक यू-हॉल ट्रक प्रदर्शनकारियों की भीड़ में दाखिल हो गया। लॉस एंजिल्स पुलिस के मुताबिक ट्रक तेज रफ्तार से आ रहा था, जिससे बचने के लिए प्रदर्शनकारी रास्ते से हट गए और फिर ड्राइवर को पकड़ने की कोशिश की।

घटना के बाद ट्रक को कुछ ही ब्लॉक दूर रोक लिया गया। ट्रक की खिड़की और साइड के शीशे टूटे हुए थे। इस दौरान पुलिस ने ट्रक को घेर लिया, जबकि प्रदर्शनकारी ट्रक ड्राइवर पर घूंसे बरसाते और झंडों के डंडों को साइड की खिड़की के अंदर डालकर हमला करते नजर आए।

### दो लोगों को आई मामूली चोटें

पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक, जिसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, उसे आगे की जांच के लिए हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति को ट्रक से टक्कर लगी, लेकिन कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। लॉस एंजेलिस फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि दो लोगों की मौके पर जांच की गई, हालांकि दोनों ने इलाज लेने से इनकार कर दिया।

# ईरान में आंदोलन काबू में होने का दावा विदेश मंत्री ने ट्रंप को ठहराया जिम्मेदार





**तेहराइन।** ईरान के अंदर जारी सत्ता विरोधी आंदोलन पूरी तरह से नियंत्रण में आ चुका है। ऐसा दावा ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने किया है। इसी के साथ उन्होंने देश के अंदर फैली हिंसा के लिए डोनाल्ड ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान में बीते 15 दिनों से खामेनई सत्ता के खिलाफ जनता का उग्र विरोध प्रदर्शन जारी है। सरकार विरोधी आंदोलन की आग राजधानी तेहरान से लेकर देश के सभी 31 प्रांतों तक फैल चुकी है। इस बीच अशांत ईरान को लेकर विदेश मंत्री ने बड़ा दावा किया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची का दावा है कि देश के अंदर स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में आ चुकी है। इसी के साथ उन्होंने हिंसा के लिए इस्राइल और अमेरिका को दोषी ठहराया है। हालांकि उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया।

### ट्रंप पर लगाया खूनी आंदोलन भड़काने का आरोप

इसी के साथ उन्होंने देश के अंदर उपजे हालात के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भी घेरा। अमेरिका पर आरोप लगाते हुए सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों को हिंसक और खूनी बनाया गया ताकि ट्रंप को दखल देने का बहाना मिल सके।

### ईरान में अब तक 544 की मौत

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि अमेरिका की धमकी के बाद ईरान वाशिंगटन के साथ बातचीत करना चाहता है। यह कदम ऐसे समय आया है, जब देशव्यापी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 544 हो गई है। बता दें कि मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार विरोध प्रदर्शनों के दौरान 544 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और दर्जनों अन्य मामलों की समीक्षा जारी है। गिरफ्तारी के बाद 10,681 से अधिक व्यक्तियों को जेलों में भेज दिया गया है। देश भर में 186 शहरों में, सभी 31 प्रांतों में 585 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन जारी है। बता दें कि ये विरोध प्रदर्शन 28 दिसंबर को बिगड़ती आर्थिक स्थिति के विरोध में शुरू हुए थे और तब से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों में तब्दील हो गए।

### मृतकों के आंकड़ों पर ईरान की चुप्पी

हालांकि अराघची ने सामने आए मृतकों के आंकड़ों पर कोई बयान या सबूत नहीं दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जिनमें ज्यादातर प्रदर्शनकारी थे। तेहरान में विदेशी राजनयिकों से बात करते हुए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तीखे शब्दों में इस बात पर जोर दिया कि 'स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में आ गई है'।

कतर द्वारा वित्त पोषित अल जजीरा सैटेलाइट न्यूज नेटवर्क पर प्रसारित बयान में अराघची ने कहा, 'इसीलिए प्रदर्शन हिंसक और खूनी हो गए ताकि अमेरिकी राष्ट्रपति को हस्तक्षेप करने का बहाना मिल सके।' बता दें कि देश के अंदर इंटरनेट बंद होने के बावजूद अल जजीरा को देश के अंदर से लाइव रिपोर्टिंग करने की अनुमति दी गई है।




# थाने की एसओजी पर छात्र ने लगाए गंभीर आरोप बिना वर्दी वाले पुलिसकर्मी फिर टारगेट पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन के एक थानाक्षेत्र की एसओजी टीम पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि एसओजी में तैनात बिना वर्दी वाले पुलिसकर्मी लोगों को मनमर्जी से उठाकर थाने लाते हैं और बिना वजह उन्हें लॉकअप में बंद कर देते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिसकर्मियों पर पहले भी वसूली और संपत्ति से जुड़े आरोप लग चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



इसी बीच विजयनगर क्षेत्र के 12वीं कक्षा के एक छात्र का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उसने एसओजी टीम पर धमकाने और पैसे मांगने के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्र का कहना है कि पुलिसकर्मी उससे 50,000 की मांग कर रहे हैं और पैसे न देने पर उसे जेल भेजने और एनकाउंटर की धमकी दे रहे हैं। छात्र ने वीडियो में बताया कि उसके पिता मजदूरी करते हैं और मां बीमार रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद उससे पैसों की मांग जारी है।

छात्र ने दावा किया कि वह काफी परेशान हो चुका है और पुलिस ने मदद नहीं की तो वह आत्मघाती कदम उठा सकता है।

### हर थाने में तैनात हैं बिना वर्दी वाले पुलिसकर्मी

**करंट क्राइम :** स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना वर्दी वाले पुलिसकर्मियों की तैनाती से लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल बनता है। इससे पहले भी इसी टीम के दो पुलिसकर्मियों से जुड़े शिकायती संदेश और ऑडियो वायरल हुए थे, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। उधर सूत्रों का कहना है कि जिन पुलिसकर्मियों पर छात्र ने आरोप लगाए हैं, वे पूर्व में नदिया पार क्षेत्र के थानों में भी तैनात रह चुके हैं। वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान ले लिया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही डीसीपी स्तर के अधिकारी इस पूरे प्रकरण में कार्रवाई के संकेत दे सकते हैं और शुरूआती जांच का आदेश भी होने की संभावना है। मामला फिलहाल चर्चा में है और क्षेत्र के लोगों ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# दिशा बताने वालों के मिट गए निशां सड़कों से गायब हुए दिशासूचक बोर्ड

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** शहर में दिशा बतान वाले सूचक बोर्ड कई जगह गायब हो गए हैं, तो कई जगह बदहाल हो गए हैं। नगर निगम के पोर्टल पर शिकायत करने के छह माह बाद भी दिशासूचक बोर्ड नहीं लगाए गए। इससे शहर में नए वाहन चालकों के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वसुंधरा व इंदिरापुरम में लाखों की लागत से सड़क के किनारे व बीच में पोल पर लगाए गए दिशा सूचक बोर्ड निगम अधिकारियों की अनदेखी के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन पर लगे संकेत सूचक भी गुम हो गए हैं, इससे वाहन चालक भ्रमित हो रहे हैं।

### अधिकारी नहीं ले रहे सुध

बावजूद इसके क्षतिग्रस्त दिशा सूचक बोर्ड पर नगर निगम के अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है। स्थानीय नागरिक द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर इन सभी दिशासूचक बोर्डों को ठीक कराने के लिए छह माह



पहले शिकायत की गई है। जिस पर नगर निगम ने 26 जून को गाजियाबाद में लगे सभी क्षतिग्रस्त दिशासूचक बोर्डों को तीन दिन के भीतर ठीक कराने के निर्देश संबंधित एजेंसी को जारी किए थे। परंतु छह माह बीत जाने के बाद भी गाजियाबाद के इन सभी क्षतिग्रस्त दिशासूचक बोर्डों को एजेंसी द्वारा ठीक नहीं कराया गया। स्थानीय नेताओं ने लगाए पोस्टर कुछ लोगों व स्थानीय नेताओं ने अब इन क्षतिग्रस्त दिशा सूचक बोर्डों पर अपने पोस्टर भी लगा दिए हैं। जगह- जगह पर इस तरह के अवैध होर्डिंग के कारण शहर की सुंदरता धूमिल होने के साथ प्रशासन को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। ऐसे होर्डिंग और पोस्टर की तरफ जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त जहां हर जगह सुनाई दे रहा है इंटरनेट का शोर? सुना है एक पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ता हो रहे हैं बोर? पता चला है कटवाने वालों ने कटवा दिया है यहां पर वाईफाई का कनैक्शन? जिसने दे दी है कईयों को टेंशन? कहने वाले ने कहा अब पहले से बदल गये हैं कार्यालय के हालात? वाईफाई कनैक्शन तो बताया जा रहा है बस इसकी शुरूआत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप बात लिखकर रख लो हमारी? वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब जरूर करेंगे महानमंत्री वाले पद पर रंजन भैया की पैरोकारी? हमें पता है कि सहकारिता वाले मामले में रंजन भैया ने किया था बड़ा बलिदान? वैसे भी वो संगठन के मजबूती से करते हैं काम? देखते हैं जब वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब मिस्टर रंजन को? तो उनके चेहरे पर भी आती है सुखद मुस्कान? ऐसे में हमें लगता है नहीं घिसना पड़ेगा इस चेहरे को मंजन? मेन टीम में जगह बना ही लेंगे मिस्टर रंजन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी का दिल दरिया है और मन है समुंदर? जिसे किया गया था कुछ दिन पहले कार्यालय से बाहर? पता चला है उन्होंने उस चेहरे को अपने सिस्टम के कर लिया है अंदर? विधायक जी के दरबार में जो जाता है वो नहीं आता है खाली हाथ? जिस चेहरे पर हुई है विधायक जी की कृपा? उससे है उनके पुराने जज्बात? कहने वाले ने कहा यहां ना जाने कौन किस वजह से इस बात पर अड़ा है? वैसे ठीक ही कहा है किसी ने? लेने वाले से ज्यादा देने वाला बड़ा है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको भगवा रंजन भैया की एक और बात चाहते हैं बताना? यूं ही नहीं बनाया है उन्होंने सेक्टर 23 में ठिकाना? वो यहां पर साध रहे हैं भविष्य का कोई निशाना? टेक्नीकली वो खुद को अपडेट करके चलते हैं? कुछ ऐसा ही है उनकी राजनीति का तराना? वो माईंड से खेलते है सारा गेम? कुछ ऐसा है उनका फसाना? यूं ही नहीं हुआ है उनके स्थान पर गजेन्द्र भैया का आ जाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आयरन वाले नगर में भगवा मैम्बर की दिलदारी इस वक्त हो रही है आम? सुना है वो अपने अनुसार कर रहे हैं ठिठुरते हुए लोगों को बचाने के लिए अलाव का इंतजार? पता चला है जो भी लकड़ी नगर निगम से आती है उनके पास? वो उसे अपने घर पर भेज देते हैं साहब? फिर जब भी कोई ठंड वाली पुकार लेकर पहुंचता है उनके पास? वो कहते हैं कि हमारे घर से ले लो लकड़ी आप? कहने वाले ने कहा इसे एक तीर से दो निशाने साधने की कला कहते हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बता रहे हैं आपको भगवा कमांडर की बात? सुना है एक मौहल्ला है, उसमें है सी-ब्लॉक? इस ब्लॉक में लगते हैं चार बूथ? इन बूथ पर संख्या बताई जाती है चार हजार? सुना है इन बूथों पर बरस रहा है विधायक जी का बहुत ज्यादा प्यार? खर्च कर दिये हैं उन्होंने यहां के विकास पर 150 लाख? कहने वाले ने कहा इलाका बड़े दिल वालों के एरिया से लगता है? क्या विधायक जी अपने बड़े दिल का करा रहे हैं कुछ चेहरों को एहसास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किंग सिटी से लेकर संजय सिटी वाले एरिया में बज रही है कुछ अलग ही बीन? सुना है यहां पर आमने सामने हैं अलग-अलग टीम? यहां पर टॉमक्रूज, सिंगर नागर और मिस्टर कौशिक का बताया जाता है एक मुट्ठी वाला साथ? कुछ ऐसे ही है इनके सामने खड़े नीरज, मिस्टर विनीत और विपक्ष साईकिल पर चलने वाले शर्मा जी के जज्बात? चलता है यहां पर रोजाना दिमागी खेल? किसके हाथ में आयेगी अगली सत्ता? कौन होगा पास और कौन होगा फेल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं एसआईआर अभियान कमजोर होने की गहरी वजह? अगर इस अभियान में लेते पुराने कार्यकर्ता दिल से इंटरेस्ट? तो हकीकत में आ जाता बहुत ज्यादा मजा? मगर पुराने कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को लेकर ना जाने क्यों बना ली दूरी? अनुभव की वजह से ये अभियान नहीं चढ़ पाया परवान? अगर पुराने कार्यकर्ता थोड़ा सा भी साथ देते तो बात बन जाती? क्या करें इस बार तो नए-नए कार्यकर्ताओं के हाथ में थी इस अभियान की कमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये खबर आई है निगम वाले एरिया से निकल कर बाहर? सुना है अधिकारी का कमीशन का तकादा बहुत जबरदस्त था और परेशान थे बहुत सारे ठेकेदार? सुना है जब खुली 50-50 पेटी वाले कार्य पर कमीशन की बात? सुना है ये बात पहुंच गई बड़े साहब के पास? जैसे ही पता चला उन्होंने बैठा दी इस पर जांच? सुना है जांच की रिपोर्ट जल्द बाहर आने वाली है? गिर सकती है इस मामले में किसी पर आंच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गेम फिनिशर मिस्टर स्वामी अभी भी नहीं हुए हैं शांत? सुना है उन्होंने निगम की जमीन हिलाने के लिए पूरा मामला कानूनी किताबों से कर दिया है प्लांट? पता चला है उन्होंने अभी भी नहीं मानी है हार? कोर्ट में जबरदस्त तरीके से चल रहे हैं उनके पत्राचार? वैसे भी वो जब तक गेम फिनिश नहीं करते हैं? तब तक नहीं लेते हैं दम? यूं ही उनका नाम किसी ने गेम फिनिशर नहीं रखा है सनम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# डासना में सौतेली मां ने 6 साल के मासूम की पीट-पीटकर हत्या की, दफनाने से पहले ही पुलिस ने दबोचा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वेव सिटी थानाक्षेत्र के डासना में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। रविवार शाम सौतेली मां ने मामूली बात को लेकर 6 वर्षीय बच्ची शिफा की बेरहमी से पिटाई कर दी।

गंभीर चोटों के कारण अस्पताल पहुँचने से पहले ही मासूम की मौत हो गई। बच्ची के पिता और सौतेली मां शव को चुपचाप दफनाने की तैयारी कर रहे थे कि तभी पुलिस मौके पर पहुँच गई। पुलिस के मुताबिक वीर अब्दुल हमीद पार्क के पास रहने वाला अकरम फेरी लगाकर परिवार का खर्च चलाता है। उसकी पहली पत्नी तराना की करीब तीन वर्ष पहले मौत हो गई थी। तराना से तीन बच्चे हैं, जिनमें शिफा भी शामिल थी। दो साल पहले अकरम ने निशा परवीन से दूसरी शादी की। आरोप है कि शादी के बाद से दोनों बच्चों के साथ मारपीट और प्रताड़ना करते रहे।

### अस्पताल में मृत घोषित, शरीर पर चोट के निशान

**करंट क्राइम :** रविवार को निशा परवीन ने शिफा को इतनी बेरहमी से पीटा कि उसके पूरे शरीर पर कचोटने और मारपीट के गहरे निशान थे। हालत बिगड़ी तो बच्ची को हापुड़ के पिलखुवा स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि परिवार बच्ची के शव को घर लाकर दफनाने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच स्थानीय लोगों ने सूचना दी तो पुलिस पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पिता अकरम और सौतेली मां निशा परवीन को हिरासत में ले लिया गया है। एसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और ननिहाल पक्ष की तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। घटना से इलाके में दहशत व आक्रोश का माहौल है।

# आईजीआरएस निस्तारण में ट्रांस हिंडन जोन अव्वल डीसीपी ने थानों को दी बधाई, प्रभारियों को किया सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन ने आईजीआरएस निस्तारण माह दिसंबर 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने जोन के अंतर्गत आने वाले सातों थानों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान आईजीआरएस प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने बेहतर शिकायत निस्तारण, त्वरित कार्रवाई और जवाबदेही को सराहते हुए इसे पुलिस-जन संवाद और भरोसे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पुलिस उपायुक्त निमिष दशरथ पाटिल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि शिकायतों के समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है और भविष्य में भी इसी कार्यप्रणाली को बनाए रखने की आवश्यकता है।



# पावन चिंतन धारा आश्रम में मनाया गया आत्म-निर्माण दिवस

## स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं को मिला आत्मबोध का संदेश

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** पावन चिंतन धारा आश्रम के प्रांगण में सोमवार को प्रो. पवन सिन्हा 'गुरुजी' के सान्निध्य में स्वामी विवेकानंद का अवतरण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। आश्रम द्वारा इस अवसर को प्रतिवर्ष आत्म-निर्माण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी जाना जाता है।





कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो. पवन सिन्हा 'गुरुजी' एवं गुरु माँ डॉ. कविता अस्थाना द्वारा रामकृष्ण परमहंस, माँ शारदा देवी एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर गुरुजी की पुस्तक 'INs and OUTs of Leadership' का विमोचन भी किया गया, जिसे युवाओं के लिए उपयोगी बताया गया।

अपने संबोधन में गुरुजी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, संघर्ष, आत्मबोध और चरित्र निर्माण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, आत्मविश्लेषण, ध्यान साधना और निरंतर अध्ययन ही आत्म-निर्माण का आधार है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको' को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

आत्म-निर्माण दिवस पर गाजियाबाद की प्रमुख हस्तियों ने भी सहभागिता की। परमवीर चक्र विजेता कर्नल टी.पी. त्यागी, सुबोध, विवेक प्रकाश, सचिन गुप्ता, सचिन त्यागी और राजेश श्रीवास्तव ने आश्रम परिवार को शुभकामनाएं देते हुए आश्रम के कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर पावन चिंतन धारा आश्रम की दिल्ली, मेरठ, जालंधर, अमृतसर, मुंबई, नागपुर, भोपाल, इंदौर, पुणे, अहमदाबाद, सूरत, जयपुर, कोलकाता, भुवनेश्वर, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, नासिक, बंगलौर, गोंदिया, लखनऊ सहित देशभर की इकाइयों के आश्रम परिवार के सदस्यों ने भी उत्सव में सहभागिता की।

# इंदिरापुरम मंडल कार्यालय में धूमधाम से मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम भाजपा मंडल कार्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।





**दोहरे उत्सव का माहौल :** श्रद्धांजलि सभा के पश्चात कार्यक्रम में उस समय उत्साह और बढ़ गया जब मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया। कार्यकताओं ने शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया और केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित सदस्यों ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं की गरिमामयी उपस्थिति :** इस अवसर पर सलेक त्यागी (पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, किसान मोर्चा), कपिल त्यागी (पूर्व मनोनीत पार्षद), महिला मोर्चा सुषमा गंगवार मंत्री, गायत्री पांडे मंत्री, देबाशीष दत्ता महामंत्री डॉ. जयश्री सिन्हा उपाध्यक्ष, नवीन शर्मा, आकाश वर्मा, उपाध्यक्ष अंकुर त्यागी और श्री अनिल मेहंदीरत्ता, नरेश अरोड़ा, स्वाति चौहान, अजय गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होटल कमरे में महिला की हत्या, दोस्त गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिले में एक होटल कमरे में महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार हत्या आरोपी महिला का पुरुष मित्र प्रवीण द्वारा की गई। जानकारी के मुताबिक, आरोपी प्रवीण और महिला मित्र ने होटल में शराब पी थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और इसके दौरान प्रवीण ने महिला की पिटाई की। इसके बाद दोनों सो गए। सुबह जब महिला उठी नहीं, तो पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी थी।



पुलिस ने महिला को अस्पताल ले जाकर चिकित्सकों को दिखाया, जहां डॉक्टरों ने शरीर की जांच में कई जगहों पर फ्रैक्चर पाए। यही वजह बताई गई कि अत्यधिक दर्द और चोटों के कारण महिला की रात भर मौत हो गई। महिला पहले से ही विधवा थी और उसकी जान पहचान प्रवीण से हुई थी। प्रवीण पहले तलाकशुदा था। दोनों के बीच दोस्ती और मोहब्बत हुई, लेकिन यह रिश्ता एक दुखद अंत पर पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि घटना की

# पार्षद खुर्शीदा कल्लन बेगम ने नारियल फोडकर शुरू कराया सड़क और नाली का निर्माण कार्य





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम वार्ड-34, शहीद नगर में विकास की गति को विस्तार देते हुए क्षेत्रीय पार्षद खुर्शीदा कल्लन बेगन के सौजन्य से निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। सोमवार को सी-ब्लॉक स्थित चंदू वाली गली और शंभु बास वाली गली में नाली व सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन नारियल फोड़कर किया गया।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद कल्लन ने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड की हर गली को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए नालियों का सही ढलान और मजबूत सड़कों का होना बेहद जरूरी है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग और प्रबुद्ध वर्ग के सदस्य मौजूद रहे। मुख्य रूप से डॉ. शहजाद, हाजी सलीम, हाजी कलाम, महबूब भाई, मोबिन आलम और खुर्शीद भाई ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इसके साथ ही मोहम्मद सलीम, बाबू भाई, सलीम सलमानी, आलिम सलमानी, मुदस्सिर खान, आसिम खान, इंतजार भाई, रहीस मंसूरी, मोहम्मद अजीम मंसूरी, जुबैर भाई, सक्रूद्दीन, नसरुद्दीन अंसारी, नुरूल, इरफान बैग, ताहिर अल्वी, बबलू अल्वी, फरजंद भाई और सलीम भाई समेत दर्जनों क्षेत्रीय नागरिक इस विकास कार्य के गवाह बने। स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए पार्षद के प्रयासों की सराहना की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।